जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 156, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 03 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**कन्हैया हत्याकांड में 5 आतंकी शामिल थे, हत्याकांड में मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद के अलावा उनके तीन और साथी शामिल थे**

# उदयपुर से अमरावती तक बर्बरता

**उदयपुरः** उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की बर्बर हत्या के मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस को जांच में पता चला है कि इस हत्याकांड में मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद के अलावा उनके तीन और साथी शामिल थे। इनमें से मोहसिन खान (25 साल) और आसिफ हुसैन (24 साल) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, मोहसिन और आसिफ अलग-अलग बाइक पर रियाज और गौस को मालदास स्ट्रीट लेकर पहुंचे थे। दोनों ने रियाज और गौस को कन्हैयालाल की टेलरिंग शॉप से महज 70 मीटर दूर गली के कोने (हाथीपोल-मोती चौहट्टा मुख्य मार्ग) पर उतारा था। दोनों यही बाइक स्टार्ट करके खड़े थे और करीब से नजर रख रहे थे। हमले के दौरान अगर कोई रियाज और गौस को पकड़ता या शटर गिराता तो ये दोनों उन्हें बचाने या छुड़ाने के लिए तलवार और खंजरों से हमला करने को तैयार थे।

**हत्या के बाद चारों फरार हो गएः** कन्हैया की हत्या कर रियाज और गौस हथियार लहराकर दौड़ते हुए आए और मोहसिन और आसिफ की बाइकों पर बैठकर सिलावटवाड़ी की और फरार हो गए। जहां से रियाज ने अपनी 2611 नंबर की बाइक ली। उस पर गौस के साथ भीम की और रवाना हो गया। जहां पुलिस ने तीनों ओर से घेरकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रियाज और गौस ने मोहसिन और आशिफ के



नाम बताए। आशिफ इनके साथ ही वेल्डिंग शॉप पर काम करता था। पुलिस को मौके पर एक लावारिस एक्टिवा भी मिली है। यह गौस मोहम्मद के नाम पर रजिस्टर्ड है। ऐसे में पुलिस संभावना जता रही है कि कोई पांचवां साथी भी मौके पर मौजूद था। हैरानी की बात यह है कि साल 2013 से उदयपुर में चल रही आतंकी संदिग्ध गतिविधियों की चेन राजसमंद, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, ब्यावर, अजमेर, कानपुर (यूपी) से लेकर विदेशों तक फैल गई, लेकिन देश और प्रदेश की इंटेलिजेंस को भनक तक नहीं लगी।

**उदयपुर हत्याकांड का विरोध करने पर एक्स रोडीज को गला काटने की धमकीः** मामले की जांच कर रहे सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन के अधिकारी अर्जन ठोसरे ने बताया कि यह वारदात



## नूपुर के समर्थन पर अमरावती में टारगेट किलिंग

**मुंबईः** उदयपुर में जिस तरह से टेलर कन्हैयालाल की बर्बरता से हत्या हुई है, ठीक उसी तरह की वारदात 21 जून को उदयपुर से 740 किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के अमरावती में भी हुई थी। यह दावा स्थानीय भाजपा नेताओं की ओर से किया जा रहा है कि अमरावती में उमेश कोल्हे नाम के दवा व्यापारी ने फेसबुक पर निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा के समर्थन में एक पोस्ट लिखी थी, जिसके स्क्रीनशॉट को कुछ अन्य संदिग्ध ग्रुप में वायरल कर दिया गया। इसके बाद उनकी हत्या कर दी गई थी। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र एटीएस इस मामले की जांच आतंकी एंगल से कर रही थी, जिसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने का निर्देश दिया है। जांच के लिए एनआईए की टीम अमरावती पहुंच गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एक आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि उसे एक एनजीओ संचालक ने उमेश को मारने के लिए कहा था। उमेश को मारने के लिए दो टीमें लगाई गई थीं। एक टीम को फोन करके उमेश के कॉलेज के पास पहुंचने की पुष्टि की गई और फिर उन पर हमला हुआ।

मंगलवार 21 जून की रात 10 बजे हुई थी। आरोपियों ने घनश्याम नगर में रहने वाले 'द अमित मेडिकल' के संचालक उमेश प्रल्हादराव कोल्हे की चाकू मारकर कर हत्या की थी। उनके गले पर तेज वार किया गया था। तीनों आरोपी घंटाघर हनुमान मंदिर की गली में नूतन कॉलेज के गेट के पास घात लगाकर बैठे थे और जैसे ही उमेश वहां पहुंचे आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया।

**बेटा न होता तो गर्दन काट सकते थे आरोपी**

उमेश के बेटे संकेत ने बताया, 'यह घटना जब हुई तो मैं पिता से 15 मीटर की दूरी पर अपनी पत्नी के साथ था। वे तीन लोग थे, अचानक बाइक से उतरे और पिताजी के गले के नीचे हमला कर दिया। वे और प्रहार करना चाहते थे, लेकिन मैं नजदीक था और उन्हें बचाने के लिए दौड़ा, मुझे वहां आता देख आरोपी बाइक पर बैठकर भाग गए।' क्या यह उदयपुर जैसा कांड हो सकता है? इस पर बेटे ने कहा कि हम अभी किसी भी संभावना को नहीं बता सकते। क्योंकि जांच अभी जारी है। संकेत ने यह भी पुष्टि की है कि एनआईए के अधिकारी इस जांच के लिए अमरावती पहुंचे हैं। हालांकि, अब तक वे परिवार से मिलने नहीं आए हैं।

## कन्हैयालालः वकीलों ने हत्यारों को धुना



**उदयपुरः गौस** मोहम्मद और रियाज जब्बार सहित 4 आरोपियों को एनआईए कोर्ट में पेशी के लिए कड़ी सुरक्षा में जयपुर लाया गया। उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड के चारों आरोपियों को शनिवार दोपहर डेढ़ बजे जयपुर एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। यहां वकीलों ने आरोपियों को फांसी देने की मांग करते हुए नारेबाजी की और उनके साथ जमकर मारपीट की। वकीलों ने आरोपियों के कपड़े फाड़ दिए। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने बीच-बचाव करते हुए उन्हें कोर्ट रूम ले गई। कोर्ट ने नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को हत्यारों को 12 जुलाई तक 10 दिन की रिमांड पर सौंप दिया है। तालिबानी हत्याकांड के मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद और रियाज जब्बार को कड़ी सुरक्षा के बीच अजमेर से सुबह जयपुर लेकर पहुंची थी। दोनों यहां की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद थे। दो अन्य आरोपी मोहसिन और आसिफ हैं। ये दोनों भी टेलर कन्हैया के मर्डर की साजिश में शामिल बताए जाते हैं। वहीं, जयपुर में प्रशासन ने नेटबंदी को 3 जुलाई शाम तक के लिए बढ़ा दिया है। उधर, पांचवें दिन शनिवार को प्रशासन ने उदयपुर में कर्फ्यू में 4 घंटे की ढील देने का ऐलान किया है। जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा के आदेश के मुताबिक दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक छूट रही। ऐसे में वे अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बाहर निकले।

## हैदराबाद पहुंचे पीएम मोदी, केसीआर फिर नहीं आए अगवानी करने

**हैदराबादः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार को हैदराबाद पहुंच गए। इस दौरान उन्हें रिसीव करने के लिए तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव, यानी केसीआर मौजूद नहीं रहे। बीते 6 महीने में ऐसा तीसरी बार हुआ जब केसीआर प्रधानमंत्री को रिसीव करने नहीं पहुंचे। इससे पहले मई और फरवरी में भी उन्होंने पीएम की अगवानी नहीं की थी। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सरकार के सिर्फ एक मंत्री हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। दूसरी तरफ, पीएम के आने से कुछ ही घंटे पहले वे विपक्ष की तरफ से राष्ट्रपति कैंडिडेट यशवंत सिन्हा को रिसीव करने के लिए पूरी कैबिनेट के साथ हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट



पहुंचे।

**प्रधान का केसीआर पर निशानाः** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक ट्वीट में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कहा कि सहकारी संघवाद अक्षरशः हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। एक बार फिर प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने सीएम और पीएम दोनों संस्थाओं का अपमान किया है। केसीआर छिप सकते हैं लेकिन उनकी भ्रष्ट राजनीति छिपी नहीं रहेगी। राव ने 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में सिन्हा को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। यशवंत सिन्हा विधायकों से समर्थन मांगने के लिए हैदराबाद पहुंचे हैं। टीआरएस ने हैदराबाद में होने वाली बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का जवाब देने के लिए ही सिन्हा के सपोर्ट में बाइक रैली निकाली। एयरपोर्ट से जल विहार तक हुई इस रैली में सिन्हा और केसीआर शामिल हुए। सिन्हा के सपोर्ट में जल विहार में टीआरएस ने एक मीटिंग रखी थी। दोनों पार्टियों के बीच शहर की सड़कों पर पोस्टर वार छिड़ गया है। भाजपा ने जहां केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के लिए कटआउट और बैनर लगाए हैं।

## स्पाइसजेट के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**जबलपुरः** स्पाइसजेट के विमान में धुआं भरने के बाद शनिवार सुबह दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। दिल्ली-जबलपुर फ्लाइट के केबिन में जब धुआं दिखा, तब प्लेन 5 हजार फीट की ऊंचाई पर था। इस फ्लाइट ने दिल्ली एयरपोर्ट से सुबह 6:15 पर उड़ान भरी थी। कुछ मिनिट बाद विमान में चिंगारी उठी और प्लेन के भीतर धुआं भर गया। धुआं भरते ही यात्रियों का दम घुटने लगा। एसी बंद हो जाने से यात्री परेशान हो गए। फ्लाइट की वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसमें 60-70 यात्री थे।

## चीफ जस्टिस ने सियासी दलों पर साधा निशाना

**पार्टियां चाहती हैं कि अदालत उनके एजेंडे का समर्थन करे**



**कैलिफोर्नियाः** भारत के चीफ जस्टिस एनवी रमण ने लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका को लेकर अपना संबोधन दिया। सीजेआई रमण संयुक्त राज्य अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में एसोसिएशन ऑफ इंडो-अमेरिकन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत में सत्ताधारी पार्टी का मानना है कि हर सरकारी कार्रवाई न्यायिक समर्थन की हकदार है वहीं विपक्षी दल भी न्यायपालिका से अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने की उम्मीद करते हैं। लेकिन न्यायपालिका अकेले संविधान और संविधान के प्रति जवाबदेह है।

**भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को नहीं समझ पा रहे कुछ संस्थानः** चीफ जस्टिस ने इस बात पर भी निराशा व्यक्त की कि आजादी के 75 साल बाद भी लोग संविधान द्वारा प्रत्येक संस्थान को सौंपी गई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को नहीं समझ पाए हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि जैसा कि हम इस वर्ष स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का जश्न मना रहे हैं और जब हमारा गणतंत्र 72 वर्ष का हो गया है, तो कुछ अफसोस के साथ मुझे यहां यह जोड़ना चाहिए कि हमने अभी भी प्रत्येक संस्थान को संविधान द्वारा सौंपी गई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की पूरी तरह से सराहना करना नहीं सीखा है।

**चीफ जस्टिस ने की गांव में रहने वाले लोगों की तारीफः** चीफ जस्टिस ने कहा कि भारत के लोगों ने अब तक उल्लेखनीय रूप से अपना काम किया है। हमारे पास अपने लोगों की सामूहिक बुद्धिमता पर संदेह करने का कोई कारण नहीं होना चाहिए। महत्वपूर्ण बात यह है ।

## जुबैर को पाक-सीरिया से मिली फंडिंग

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा है कि फैक्ट-चेकिंग वेबसाइट आल्ट न्यूज के को-फाउंडर जुबैर की फंडिंग पाकिस्तान और सीरिया जैसे देशों से होती थी। जुबैर 5 दिन से पुलिस हिरासत में हैं और उस पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप है। पुलिस की ओर से पेश सरकारी वकील अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि शुरूआती जांच के दौरान विदेशी फंडिंग गलत तरीके से लेने का मामला सामने आया है, जिसकी जांच होनी है। इसलिए जुबैर को जमानत न दी जाए। रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी वकील ने कहा कि आरोपी शातिर है और सबूत मिटाने में माहिर है। आरोपी ने मोबाइल से बहुत सारे सबूत मिटा दिए हैं, जिस वजह से जांच में दिक्कतें हो रही हैं। आरोपी प्रवदा मीडिया हाउस का डायरेक्टर भी है।

**जुबैर के वकील की दलील-पुलिस को कुछ नहीं मिलाः** जुबैर की वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा कि 5 दिन की कस्टडी में भी पुलिस को कुछ नहीं मिला। जुबैर ने जो शेयर किया था, उसमें कुछ नया नहीं था। 40 साल पहले एक फिल्म बन चुकी है, जिसका स्क्रीनशॉट डाला गया था। ग्रोवर ने आगे कहा- मेरा एक भाई दुबई में रह रहा है।

**पांच विधायक बन सकते मंत्री, हिंदू और एक महिला चेहरे के शामिल होने की संभावना**

## पंजाब में कैबिनेट विस्तार जल्द संभव

**चंडीगढ़ः** पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार जल्द ही अपना पहला कैबिनेट विस्तार करने जा रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार कम से कम पांच विधायकों को मंत्री बना जल्द ही अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकती है। पांच और मंत्रियों के शामिल होने से मान के नेतृत्व वाली कैबिनेट की संख्या मुख्यमंत्री समेत 15 हो जाएगी। पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला। इसके बाद 10 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। कैबिनेट में कुल 18 मंत्रियों की क्षमता है। वर्तमान में पंजाब कैबिनेट में नौ मंत्री हैं। मई महीने में स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को भ्रष्टाचार के आरोप में राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था।

इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग सीएम भगवंत मान के पास है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट विस्तार में एक महिला और एक हिंदू चेहरे के शामिल होने की संभावना है। मान कैबिनेट में अभी एक मात्र महिला मंत्री डॉ. बलजीत कौर हैं। दो बार विधायक रहे कम से कम



एक विधायक को भी मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा है। दूसरी बार विधानसभा चुनाव जीतने कुलतार सिंह संधवा को विधानसभा अध्यक्ष और जयकिशन रोड़ी को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया जा चुका है। हरपाल सिंह चीमा और मीत हेयर को पहले ही कैबिनेट में अहम जिम्मेदारी मिली है। आम आदमी पार्टी ने राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान 117 सदस्यीय पंजाब विधानसभा में 92 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी।

## 'अग्निपथ योजना युवाओं और देश के हित में लाएगी क्रांतिकारी सुधार'

**नई दिल्लीः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को तेलंगाना में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की भानुर इकाई का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (डीपीएसयू) की कई नई विनिर्माण सुविधाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इसमें भानुर यूनिट में वारहेड सुविधा और कंचनबाग यूनिट में रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) सीकर सुविधा शामिल है। इस सुविधा का उपयोग भविष्य की सभी मिसाइलों में लक्ष्य ट्रैकिंग के लिए किया जाएगा जिसे बीडीएल ने 50 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया है। रक्षा मंत्री ने बीडीएल के शोधकर्ताओं, इंजीनियरों, तकनीशियनों और अन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के अनुरूप



विदेशी कंपनियों के सहयोग से स्वदेशी उत्पादों का निर्माण करके आत्मनिर्भरता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को सराहा। उन्होंने अगले पांच वर्षों के लिए स्वदेशीकरण योजना तैयार करने और पहले दो वर्षों का लक्ष्य हासिल करने के लिएबीडीएल को बधाई दी। राजनाथ सिंह ने उन्होंने उम्मीद जताई कि मिसाइल उत्पादन के क्षेत्र में भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने में यह कंपनी बड़ी भूमिका निभाएगी। राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि वारहेड सुविधा भविष्य के हथियारों के निर्माण के दायरे में विविधता लाएगी और इस सुविधा का उपयोग इसकी वर्तमान और भविष्य दोनों मिसाइलों के लिए किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने बीडीएल की विशाखापत्तनम इकाई में केंद्रीय भंडारण सुविधा का भी उद्घाटन किया। इस अत्याधुनिक सुविधा में वर्टिकल कैरोसेल सिस्टम, मैकेनिकल कॉम्पेक्टर और मोटराइज्ड कॉम्पेक्टर शामिल हैं। इस सुविधा का निर्माण 4.90 करोड़ रुपये के निवेश से किया गया है। उन्होंने पश्चिम गोदावरी जिले के सैन्य माधवरम गांव में बहुउद्देशीय सामुदायिक हॉल।

## सर्वसमावेशी विकास का उत्तम माध्यम है सहकारिता : शाह

**नई दिल्लीः केन्द्रीय** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सर्वस्पर्शीय और सर्वसमावेशी विकास का सबसे उत्तम माध्यम सहकारिता है। शाह ने शनिवार को ट्वीट कर देशवासियों को 100वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाकर इस क्षेत्र को और सशक्त, आधुनिक व पारदर्शी बनाने के लिए संकल्पित है। मंत्री ने कहा कि सहकारिता का विचार सर्वस्पर्शीय व सर्वसमावेशी विकास की कल्पना को चरितार्थ करने का




सबसे उत्तम माध्यम है। शाह ने कहा कि उन सभी महापुरुषों को वह नमन करते हैं जिन्होंने भारत में सहकारिता के विचार को बल देने के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवनस्तर को ऊपर उठाने में जुटे सभी भाईयों-बहनों को वह बधाई देते हैं।

## खबर संक्षेप

### भगवान जगन्नाथ जी का छप्पन भोग का महाप्रसाद वितरण आज

**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति प्रयागराज के तत्वाधान में भगवान जगन्नाथ जी का छप्पन भोग का महाप्रसाद दिनांक 3 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे काशी राजनगर स्थित दुर्गा पूजा पार्क कटघर में आयोजित किया जाएगा। रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ जी को छप्पन प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया जाएगा तत्पश्चात भक्तों को महा प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### सब रजिस्ट्रार के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजन

**प्रयागराज।** रजिस्ट्रार करछना के स्थानांतरण पर अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियोंने विदाई समारोह आयोजित किया। करछना तहसील में सब रजिस्टार रहे शिवेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण होने पर शनिवार को तहसील के अधिवक्ताओं व कार्यालय के कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया जिस पर उनके कुशल नेतृत्व एवं मिलनसार व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की गई। इस मौके पर बार एसोसियेशन के अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ला, सुरेश सिंह एडवोकेट ,अमित सिंह एडवोकेट, सत्येन्द्र सिंह सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सिविल सेवा की तैयारी करने वाला निकला साइबर ठग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कर्नलगंज पुलिस ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो साइबर ठगी करता था। उसने फर्जी सिम के जरिए दूसरे के पेटीएम वॉलेट से 54 हजार रुपये निकाल लिए थे। यही नहीं जालसाजी करते हुए एक अन्य व्यक्ति के निजी डाटा का उपयोग करते हुए 20 हजार का मोबाइल भी फाइनेंस करा लिया था। साइबर सेल की मदद से कर्नलगंज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।पकड़ा गया आरोपी धीरज प्रजापति है जो मूल रूप से लखनीपुर, पट्टी प्रतापगढ़ का रहने वाला है। वर्तमान में वह कर्नलगंज के मम्फोर्डगंज में किराये के कमरे में रहता है। साथ ही सिविल लाइंस स्थित एक कोचिंग से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी भी करता था। पुलिस ने बताया कि शिवकुटी निवासी हिमांशु पाल ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था कि उनके पेटीएम वॉलेट से 54 हजार रुपये उड़ा दिए गए। इसी तरह मयंक श्रीवास्तव ने भी मुकदमा लिखाया था। जिसमें बताया था कि उनके बजाज फाइनेंस कार्ड से डाटा चुराकर 20 हजार रुपये का मोबाइल ऑनलाइन फाइनेंस करा लिया गया।शिवकुटी पुलिस की रिपोर्ट पर साइबर सेल के एसआई रणजीत सिंह व अन्य ने जांच शुरू की तो पता चला कि पेटीएम वॉलेट से एसबीआई के जिस खाते में रुपये ट्रांसफर किए गए, वह धीरज प्रजापति के नाम पर है। इसके बाद साइबर सेल की सूचना पर कर्नलगंज पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

### कंप्यूटर साइंस में कर चुका है बीएससी



### मोबाइल शोरूम में भी करता था काम

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि वह कटरा में कारपेंट्री चौराहे के पास एक मोबाइल कंपनी के शोरूम में भी काम करता था। इस दौरान वह मोबाइल फाइनेंस कराने का भी काम करता था। इसके लिए वह लोगों का निजी डाटा लेकर कार्ड जारी कराता था। इसी कार्ड का डाटा वह अपने पास भी सेव कर लेता था। इसी के जरिए उसने शिवकुटी निवासी मयंक के डाटा का उपयोग करके मोबाइल फाइनेंस कराया था। उसने पूछताछ में यह भी बताया कि वह लखनऊ यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में बीएससी कर चुका है।

पूछताछ में पता चला कि फर्जी तरीके से मोबाइल भी उसने ही फाइनेंस कराया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## सात साल तक की सजा में गिरफ्तार न करने की गाइडलाइंस का पालन करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि सात साल तक की सजा वाले आरोपों के मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 ए पर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का पालन किया जाए। कोर्ट ने कहा कि याची के मामले में भी सात साल तक की सजा वाले अपराध के आरोपियों की गिरफ्तारी न करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश लागू होंगे। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की खंडपीठ ने मऊ के लालता प्रसाद की गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची का कहना था कि उसे झूठा फंसाया गया है, इसलिए 17 जून 22 को मोहम्मदाबाद थाने में दर्ज एफ आई आर रद्द की जाए।याची पर लोक संपत्ति निवारण कानून व भारतीय दंड संहिता के तहत अपराधों के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह भी कहना था कि धारा 41 ए के अनुसार तथा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस को देखते हुए सात साल तक के सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी नहीं करने का निर्देश है, जिसका पालन कराया जाए।

## न्यूज झरोखा

### हम शपथ लेते है कि प्लास्टिक का उपयोग नही करेंगे



**झूंसी।** आज से हम शपथ लेते है कि न तो हम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न तो करेगे नही अपने परिवार के साथ आसपास के लोगो को करने देगे। यह शपथ महीन गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को स्वच्छ भारत हरित भारत कार्यक्रम के तहत बच्चो को दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित नगर निगम के जोनल मदन मोहन यादव ने बच्चो के साथ शिक्षकों को शपथ दिलाते हुए प्लास्टिक से होने वाले दुर्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी साथ ही वृक्षो के संरक्षण पर भी जोर दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य मीरा मिश्रा, गणेश कुमार, मनोज कुमार, वंदना सिंह, मंजू देवी, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### जन्मदिन समेत विभिन्न अवसरों पर पौधे भेंट करने की परम्परा की आवश्यकता : अभिषेक सिंह पटेल



**जसरा।** जन्मदिन, सालगिरह या विभिन्न अवसरों पर महंगे उपहार के बजाय लोगों को पौधे भेंट करने एवम वृक्षारोपण के साथ उनके संरक्षण की परम्परा को विकसित करने की आवश्यकता हैं इससे पर्यावरण के क्षेत्र मे भी काफी सकारात्मक सुधार के साथ ही अनावश्यक रूप से धन अपव्यय होने से रोका जा सकता हैं उक्त बातें युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल नें शुक्रवार को अपनी छोटी बहन 12वर्षीय साक्षी पटेल के जन्मोत्सव पर पौधे भेंट करने दौरान व्यक्त किये ।आगे उन्होंने यह भी कहा कि अब तक लोग विभिन्न सामाजिक अवसरों पर महंगे -महंगे उपहार भेंट करते रहें जिनमे बुके समेत कई ऐसी वस्तुए होती हैं जों अगले दिन किसी काम की नहीं होती हैं इसलिए सभी लोगों को पेड़ भेंट करने का चलन प्रचलित करने की आवश्यकता हैं ऐसा करने से व्यक्ति प्रकृति सहित व्यक्ति के जीवन मे भी खुशहाल होगा। प्लास्टिक बहिष्कार एवम थैला अपनाने के लिए भी उपस्थित लोगों को शपथ दिलवायी गयी ।उक्त अवसर पर श्वेता,प्रियंका, सुस्मिता, रोशनी,श्रेया, निक्की, सुरेश सिंह, अनिल कुमार पटेल , श्रीमती उमा सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

### सपाइयों ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



**नैनी।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने श्रम प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष एस पी यादव के नेतृत्व में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव का 49वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया ।जानकारी के अनुसार नैनी के एडीए कालोनी में एक भव्य कार्यक्रम में केक काटकर सपाइयों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। अपने उद्बोधन में एस पी यादव ने पूर्व सीएम अखिलेश सिंह यादव को सर्वसुलभ जनहितकारी आदर्श नेता बताकर उनके बताये रास्ते पर कार्यकताओं को चलने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर आर के पाण्डेय एडवोकेट, संजय पाण्डेय, दिनेश मिश्र, श्रीकांत पाण्डेय, आलोक प्रजापति राम सेन, नत्थू सिंह, दिलीप खरे, कृष्णकांत, संदीप भारतीया, कृष्ण कुमार बिंद, राम निवास, रामा प्रजापति, राम विशाल, ललित यादव,विशम्भर यादव, जुलेखा खान, सरला यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## तहसील दिवस करछना में आई 153 शिकायतें



अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज संपूर्ण समाधान दिवस करछना तहसील में कुल 153 शिकायतें आई जिनमें मौके पर पांच शिकायतों का निराकरण किया गया । समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम वृत्त एवं राजस्व जगदंबा सिंह ने किया। तहसील के अधिवक्ता हरिमोहन मिश्रा की शिकायत पर संतोष जनक निराकरण न करने पर बीडीओ चाका से बहसबाजी हुई जिसपर उच्च अधिकारियों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया । शिकायतों में सबसे अधिक राजस्व की अट्ठानवे शिकायतें आई व पुलिस की तीस सहित अन्य विभागों की शिकायतें आई । कालू का पूरा गांव में पूजा पांडे ने घरेलू हिंसा की शिकायत की कुल आई शिकायतों में पांच का मौके पर निराकरण किया गया । इस मौके पर तहसीलदार रमेश चंद्र पांडेय,नायब तहसीलदार विनय कुमार द्विवेदी, आपूर्ति निरीक्षक शुनील सिंह , बीडीओ करछना देव कुमार , बीडीओ चाका व कौंधियारा मौके पर रहे।

### पीछे के रास्ते से घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत लाखों के आभूषण किया पार

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गधिंयाव गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने पीछे के रास्ते घर में घुसकर नगदी समेत लाखों के आभूषण को किया पार सुबह होने पर मचा हड़कंप। जानकारी के मुताबिक गधिंयाव गांव निवासी राम रूप यादव पुत्र मोतीलाल के यहां बीती रात को उनका पूरा परिवार खाना-पीना करने के बाद सो गया था। उसी बीच देर रात होने पर पहले से घात लगाए बैठे चोरों ने पीछे के रास्ते से घर में प्रवेश कर गए। जिसके बाद चोरों ने घर के अंदर रखे गए बासख को अपने साथ उठा ले गए। घर से थोड़ी दूर पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में ले जाकर उसमें रखा गया 70 हजार रुपए नकदी समेत लाखों के आभूषण को खंघाले गए। सुबह घटना के बाद परिजन सहित ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल कर चली गई ।इन दिनों का चना क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी की वारदात से लोगों में दहशत व्याप्त है।

# प्रमोशन की मांग पर अड़े विधि छात्र, किया हंगामा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय में एलएलबी प्रथम एवं चतुर्थ सेमेस्टर में प्रोन्नत की मांग लेकर सैकड़ों छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव कर हंगामा किया। मांग पर शुक्रवार को विधि छात्राओं ने भी धरने का समर्थन किया। इस बीच जिला प्रशासन ने छात्रों की परीक्षा नियंत्रक से वार्ता कराई, लेकिन बात नहीं बनी। छात्र जिद पर अड़े रहे। छात्रों की भीड़ देखते हुए परिसर में काफी संख्या में फोर्स मौजूद रही। देररात तक धरना जारी रहा। छात्रों ने चेतावनी दी कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा। छात्रों ने कहा कि अब पूरी रात धरना दिया जाएगा।

छात्रों की मांग है कि सात जुलाई से प्रस्तावित एलएलबी प्रथम एवं चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं स्थगित कर उन्हें प्रमोट करते हुए जुलाई के पहले सप्ताह से दूसरे एवं पांचवें सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू की जाएं। छात्रों ने कहा कि कोरोना के चलते सत्र काफी पिछड़ चुका है। छह माह का सेमेस्टर होता है और एक माह की कक्षाओं के आधार पर परीक्षा कराई जा रही है। साथ ही 23 दिसंबर को क्लैट का आयोजन होना है। इसमें शामिल होने के लिए पांचवें सेमेस्टर की मार्कशीट की जरूरत पड़ेगी। अगर इसी रफ्तार से सत्र का संचालन किया गया तो क्लैट में भी शामिल नहीं हो सकेंगे।प्रमोशन की मांग लेकर दिन 11 बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में छात्र एकत्रित हुए। मांगों को लेकर नारेबाजी, सभा शुरू कर दी। देखते ही देखते काफी संख्या में फोर्स भी आ गई। छात्रनेता सत्यम कुशवाहा ने बताया कि जिला प्रशासन ने परीक्षा नियंत्रक से वार्ता कराई लेकिन मांग नहीं मानी गई। देर रात तक धरना जारी रहा। छात्रों ने पूरी रात धरना देने का निर्णय लिया है।



# असिस्टेंट प्रोफेसरों के कॉलेज आवंटन पर रोक के खिलाफ अपील मंजूर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर (बीएड पद) पर उच्चतर शिक्षा चयन आयोग से चयनितों के कॉलेज आवंटन पर एकल पीठ के रोक के खिलाफ अपील मंजूर कर ली है। कोर्ट ने नए सिरे से विचार कर आदेश देने के लिए एकल पीठ को पत्रावली वापस कर दी है। कोर्ट ने कहा कि एकल पीठ के एक पद खाली रखने के अंतरिम आदेश पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल तथा न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की खंडपीठ ने राकेश कुमार यादव की विशेष अपील को स्वीकार करते हुए दिया है।अपीलार्थी का कहना था कि 31 मई 22 के आदेश से असिस्टेंट प्रोफेसर (बीएड) की चयन सूची पर रोक लगा दी गई है और कहा गया है कि प्रदेश में चयनितों को कॉलेज आवंटित न किया जाए। राकेश कुमार यादव का कहना था कि वह याचिका में पक्षकार नहीं था। वह चयनित अभ्यर्थी है। एकल पीठ के आदेश का उस पर प्रभाव पड़ा है। इसलिए उसको आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने की मंजूरी दी जाए।कोर्ट ने मांग स्वीकार कर ली। उनका यह भी कहना था कि याचिका में चयन सूची को चुनौती नहीं दी गई है। केवल 7 सवालों को लेकर दाखिल आपत्ति तय करने तथा उसे दो अंक देकर चयनित करने का समादेश जारी करने की मांग की गई है। एकल पीठ ने 11 अप्रैल 22 के आदेश में एक पद खाली रखने तथा विशेषज्ञों की सवालों की सत्यता पर राय लेकर रिपोर्ट पेश करने को कहा था।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने जांच कर अपनी रिपोर्ट दी। आयोग ने भी रिपोर्ट तैयार कराई, दो रिपोर्ट पेश की गईं। रिपोर्ट आने के बाद बिना उस पर विचार किए कॉलेज आवंटन पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा एकलपीठ रिकॉर्ड के अनुसार नए सिरे से विचार कर आदेश पारित करे।

## बहुजन महिला साहित्यकारों का राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 24 को

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुक्रवार को प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) और बाबासाहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में प्रयागराज की धरती पर देश की प्रख्यात जानी मानी बुद्धिजीवी महिला पत्रकारों, सोसल ऐक्टिविस्टो, साहित्यकारों व लेखकों के महासम्मेलन में आगामी 24 जुलाई 2022 को सिविल लाइन स्थित हिंदुस्तानी एकेडमी में ₹वर्तमान परिदृश्य में हिन्दू कोड विलः जाति और पितृसत्ता₹ विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करने जा रही है। एक ओर जहां इस राष्ट्रीय सेमिनार में नागपुर महाराष्ट्र से बाल्मीकि समाज की प्रख्यात महिला साहित्यकार डा. सुशीला टाकभौरे बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रखेंगी तो वही दिल्ली से दलित लेखक संघ (दलेश) की अध्यक्ष डा. अनीता भारती राष्ट्रीय सेमिनार की अध्यक्षता करेंगी और महर्षि दयानंद विवि रोहतक, हरियाणा से जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन विभाग से प्रो. सुमेधा डी. बौद्ध बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार रखेंगी तो दूसरी ओर वरिष्ठ महिला सोसल ऐक्टिविष्टो में हरियाणा से मोहिनी, पंजाब से हरप्रीत कौर, झारखण्ड से सुधा टुडू, छत्तीसगढ़ से गायत्री सुमन, रीवा एमपी से नीलू दहिया, जालौन से रेहाना मंसूरी, वाराणसी से सुमन, जौनपुर से उषा कोरांव से सभ्या शाक्या अपनी बात रखेंगी तो जेएनयू से रिसर्च स्कॉलर शुभी जैसे अलग अलग विश्वविद्यालयों के दर्जनों रिसर्च स्कॉलर अपने शोधपत्र राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत करेंगे।



### शैलेश पाण्डेय बने प्रयागराज के नए पुलिस कप्तान

2011 बैच के आइपीएस शैलेश अयोध्या के एसएसपी थे

**प्रयागराज।** जनपद के एसएसपी बदल गए हैं। जिले के नए एसएसपी के रूप में शैलेश कुमार पांडेय की तैनाती हुई है। वे अभी तक अयोध्या के एसएसपी थे। प्रयागराज में अब तक एसएसपी के पद पर रहे अजय कुमार का लखनऊ तबादला हो गया है। उन्हें सीबी सीआइडी लखनऊ भेजा गया है। शासन की ओर से आइपीएस का स्थानांतरण किया गया है। इसके तहत शैलेश कुमार पांडेय प्रयागराज जिले के नए एसएसपी बनाए गए हैं। वह 2011 बैच के आइपीएस हैं और अयोध्या में बतौर एसएसपी तैनात थे। प्रयागराज के एसएसपी अजय कुमार को सीबी सीआइडी लखनऊ भेजा गया है।

## चौकी के सामने युवती को कार में अगवा करने की कोशिश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शाहगंज में पुलिस चौकी के पास एक सनसनीखेज घटना हुई। यहां युवती को सरेआम कार में खींचकर अगवा करने की कोशिश की गई। वह अपनी एक सहेली के साथ जंक्शन की ओर जा रही थी तभी काटजू रोड पर यह घटना हुई। शोरगुल मचने पर आसपास के लोग जुटे तो दो युवक भाग निकले, जबकि उनका एक साथी पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। साथ ही कार को भी कब्जे में ले लिया। देर रात तक उससे पूछताछ जारी थी।युवती शाहगंज की रहने वाली है। वह शुक्रवार रात नौ बजे के करीब अपनी एक सहेली के साथ जंक्शन से लौट रही थी। अभी वह काटजू रोड पर समीरा होटल केपास पहुंची थी कि तभी वहां सफेद रंग की वैगन आरकार में में सवार तीन युवकों ने उस पर छींटाकशी शुरू कर दी। युवती ने विरोध किया तो एक युवक ने हाथ पकड़कर उसे कार के भीतर खींचने की कोशिश की। युवती ने शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़े। इस पर कार से निकलकर दो युवक भाग निकले, लेकिन उनका साथी पकड़ लिया गया। कार में शराब की बोतल भी मिली। खास बात यह है कि जिस जगह पर घटना हुई, उसके सामने ही पुलिस चौकी भी स्थित है। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और युवक को कार समेत थाने लाई। युवती ने पुलिस को यह भी बताया कि तीनों युवक नशे में धुत थे। उधर थाने में पूछताछ के दौरान पता चला कि युवक बलुआघाट, अतरसुइया सुनील कुमार मिश्र है। उसके दो साथियों के बारे में पूछताछ चलती रही। शाहगंज एसओ अरविंद कुमार राय ने बताया कि युवती ने तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# अंधविश्वास के मकड़जाल में फंसकर खिड़की से आते-जाते थे परिवारवाले

अखंड भारत संदेश

### करछना के डीहा गांव में पांच दिनों तक घर में शव के साथ रह रहे परिजनों का मामला

देवी मां के भरोसे था अभय राज का परिवार, महीनों से नहीं जलता था घर में चूल्हा

**प्रयागराज।** पांच दिनों तक शव के साथ घर में रह रहे परिजनों की कहानी सामने आने के बाद अचानक करछना थाना क्षेत्र का डीहा गांव प्रदेश की सुर्खियों में आ गया। यहां अभयराज यादव के घर के अंदर उसकी छोटी बेटी अंतिमा का शव मिला था। घर वाले उसके शव के साथ पांच दिनों तक अंदर थे और झांड फूंक कर उसे जिंदा करने का प्रयास कर रहे थे। जानकारी पर प्रशासन ने घर में बीमार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया यहां उनका अभी इलाज चल रहा है। वहीं अभयराज व उसकी पत्नी अपनी ससुराल चले गए। लेकिन अब अभयराज यादव व उसके परिजनों को अपने घर में रहने के लिए आर्थिक मदद की आवश्यकता है।अभयराज के भतीजे उमा शंकर यादव ने बताया कि उनके घर में न तो आनाज है। न उसे बनाने के लिए बर्तन और रहने के लिए बिस्तर भी नहीं है। वह बताते है कि बीते छह माह से उनके घर में चूल्हा नहीं जला था। उसके दामाद जब आते थे तो वह कुछ आर्थिक मदद कर दिया करते थे। जिससे घर वाले लाई चना लाते थे और उसे खाकर जीवन व्यापन कर रहे थे।बताया कि अभयराज व उनकी पत्नी विमला देवी अपनी ससुराल अमहा देहली में है तो उसके तीन बेटे व एक बेटी का इलाज अभी एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। परिवार, रिश्तेदार व समाज से नाता तोड़कर रह रहे अभयराज व उनका परिवार अब घर जाएगा तो उसे जीवन व्यापन के लिए आर्थिक मदद की आवश्यकता पड़ेगी इसके लिए उसके साले प्रयासकर रहे है।बता दे कि घटना वाले दिन पुलिस व प्रशासन के अधिकारी गांव पहुंचे थे और परिवार को सरकारी मदद दिलाने की बात कही थी। उमा शंकर ने बताया कि मंगलवार को अभयराज के घर अधिकारी आए थे लेकिन इसके बाद कोई भी अधिकारी न तो उनसे मिलने आया और न ही उनसे बातचीत की। बताया कि अधिकारियों को फोन आता और वह अभयराज व उसकी पत्नी के स्वास्थ्य के बारे में पूछ कर अपना कोरम पूरा कर लेते है। अभयराज यादव का पूरा परिवार अंधविश्वास के कुचक्र में ऐसा फंसा हुआ था कि बीते तीन माह से लाई-चना व गंगाजल ग्रहण कर जीवन बिता रहा था। लाई-चना भी दिन में केवल एक बार ही खाया करते थे। सुबह चार बजे अभयराज की बेटियां व बेटे गंगा घाट पर स्नान करने जाती थीं और वहीं बने चौरा देवी स्थान पर घंटों पूजा किया करते थे। यहां पर अभयराज की बेटियां गीत गाया करती थीं। यह देखकर गांव वाले दहशत में रहते थे।पूरा परिवार गांव के किसी मंदिर में नहीं जाया करता था। अभयराज के घर पर उसकी बेटी बीनू की ही चला करती थी। बहनें व भाई उसका कहा मानते थे। पिता और मां जब विरोध करते तो उन्हें कमरे में बंद कर दिया जाता था। घटना के कुछ दिन पहले ही एक रिश्तेदार के घर पहुंचने पर उन्हें कमरे से बाहर निकाला गया था। बेटी की मौत के बाद जब अभयराज ने अंतिम संस्कार करने को कहा तो उसे फिर से कमरे में बंद कर दिया गया।

### अभी भी काफी कमजोर है अभयराज व उसकी पत्नी

करछना के डीहा गांव के अभयराज यादव व उसकी पत्नी विमला देवी अभी भी काफी कमजोर है। कई दिनों से बिना खाना खाए लाई चना व गंगाजल पर आश्रित रहने के कारण उनका शरीर काफी कमजोर हो गया है। भतीजा उमाशंकर यादव ने बताया कि वह अब बातचीत कर रहे है। लेकिन चलने फिरने में अस्वस्थ्य है। बातचीत के दौरान परिवार की दशा को लेकर काफी भावुक हो जाते है। बताया कि गांव वालों व रिश्तेदारों में अभी भी परिवार को लेकर काफी डर है और वह उनसे जुड़ाव को लेकर कतरा रहे है।

# सत्ता भले किसी को मिल गई, अखिलेश यादव अब भी जन नेता : नरेन्द्र सिंह

अखंडभारत संदेश

### जन्मदिन के विहान दिवस पर नरेन्द्र सिंह ने मुंगारी गांव मे जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण किया

**करछना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 49वें ₹जन्मदिन के विहान दिवस₹ पर पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने शनिवार को करछना के मुंगारी गांव स्थित राम लखन पब्लिक स्कूल मे समारोह करके वृद्धा, विधवा, वृद्धजनों, दिव्यांगों व जरुरतमंदों को वस्त्र (साड़ी, धोती) वितरण कर अपने नेता का जन्मदिन खास रुप से मनाया। उनके स्वस्थ दीघार्यु होने तथा फिर से उत्तम और उन्नत राज्य की पुनर्स्थापना करने के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा। सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ₹अखिलेश यादव ने नई पीढ़ी को समाजवाद के प्रति आकर्षित किया है, अखिलेश यादव वर्तमान समाजवादी आंदोलन के महानायक एवं इस देश के भविष्य हैं₹ तथा समाजवाद के प्रणेता डाक्टर लोहिया, मुलायम सिंह यादव, जनेश्वर मिश्र आदि नेताओं के आचरण को आत्मसात करते हुए समाजवादी आंदोलन की परम्परा को आगे बढ़ाने मे अखिलेश यादव सतत प्रयत्नशील हैं। नरेन्द्र सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव ने पूर्व मुख्यमंत्रित्व काल मे जो ऐतिहासिक फैसले किए थे, वो देश के लिए आज भी नजीर बने हुए हैं। प्रदेश सचिव श्री सिंह ने आगे कहा कि ₹सत्ता भले किसी को मिल गई हो, लेकिन जनता के दिल मे अब भी नेता अखिलेश यादव ही हैं₹ क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए समाज के हर वर्ग खासकर किसानों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, दलितों तथा हर कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए बहुत सारी योजनाएं लागू कर उन्हें मुख्यधारा मे शामिल करने का भगीरथ प्रयास किया जिसकी चर्चा आज भी हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्य प्रकाश यादव उर्फ बाबा यादव ने किया। मुख्य रूप से विपिन शुक्ला, राजीव सिंह, चन्द्रमा प्रसाद, अमित यादव मोनू, चन्द्रशेखर सिंह साधु, शोभा आदिवासी, कमलेश कुमार, कल्लू कुशवाहा,सिराज अहमद, लल्लू सिद्दीकी, मुहम्मद अकरम सहित कई सपाई उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस के उपलक्ष में मंडलायुक्त ने तहसील सदर का किया निरीक्षण जन शिकायतों की सुनवाई

## तहसील के शौचालयों में साफ सफाई ना पाए जाने पर जताई नाराजगी, महिलाओं एवं पुरुष हेतु अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था करने को कहा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त संजय गोयल ने पुलिस महा निरीक्षक डॉ राकेश सिंह के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के उपलक्ष में तहसील सदर का निरीक्षण कर जन शिकायतों की सुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त कई शिकायती पत्रों को स्वयं देखते हुए मंडलायुक्त ने सभी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 123 जन शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने तहसील में बने शौचालयों का भी निरीक्षण किया तथा साफ सफाई की समुचित व्यवस्था ना पाए जाने पर एसडीएम सदर को तत्काल कार्यवाही करते हुए महिलाओं एवं पुरुष हेतु अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था करने एवं सभी जगह समुचित सफाई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पास में बने सुलभ शौचालय में भी समुचित साफ सफाई ना पाए जाने पर वहां के इंचार्ज को भी फटकार लगाई। साथ ही आम जनमानस हेतु तहसील में पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मदन कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर, दिनेश सिंह समेत अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्याओं का निस्तारण करते मंडल आयुक्त व आईजी

# जन शिकायतों के निस्तारण में की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं : जिलाधिकारी

## समाधान दिवस में कुल 382 शिकायतें प्राप्त हुई, 21 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को मेजा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जा तथा जमीन पैमाइश, तलाबों पर अतिक्रमण सहित पुलिस विभाग एवं अन्य विभाग से सम्बंधित प्रकरण सुनवाई के लिए आयें। जिलाधिकारी ने शिकायतों को सुनते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ तो किया ही जाये साथ ही साथ शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करायें जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने महिला उत्पीड़न से सम्बंधित प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी मेजा को जांचकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है तथा भूमिधरी जमीन को दबंगों द्वारा अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर एसडीएम मेजा एवं सीओ मेजा को मौके पर जाकर समाधान/निस्तारण करने के निर्देश दिए है।सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 382 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें राजस्व की 216, पुलिस विभाग की 59 तथा अन्य विभागों की 107 शिकायतें थी, जिनमें से 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा है कि प्रत्येक दशा में शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति, उप जिलाधिकारी विनोद पाण्डेय सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



फरियादियों की समस्या का समाधान करते जिलाधिकारी

### मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत किसानों को मिलेगा लाभ

**करछना।** किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत निजी भूमि पर किसानों को तालाब निर्माण हेतु , हैचरी निर्माण , बायो फ्लॉक निर्माण , रियरिंग निर्माण ,टैंक क्षमता मध्या कार , रिसकुर्लेटर एक्वाकल्चर सिस्टम, मोटरसाइकिल विद आइस बॉक्स, जिंदा मछली विक्रय केंद्र, कियोस्क निर्माण , मनोरंजन मत्स्यकी के विकास हेतु 7 जुलाई से 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन विभाग द्वारा मांगे जा रहे हैं । मत्स्य इंस्पेक्टर इरफान उल्लाह खान ने बताया कि विभाग की पोर्टल वेबसाइट पर जिन किसानों को योजनाओं का लाभ लेना है तो आवेदन कर सकते हैं जिसमें मत्स्य व्यवसाय से जुड़े किसानों को सरकार द्वारा योजनाओं पर छूट दी जा रही है ।

### दलित महिला को मारा पीटा गया पांच के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जानवर ट्रैक्टर से टकरा जाने पर दबंगों ने दलित महिला और उसके पुत्र को दौडा दौडा कर पीटे पांच के खिलाफ एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासनीय चन्द्रमा देवी पत्नी सुरेश पासी का आरोप है कि उसका लडका संजय सुअर चरा रहा था।जिससे क्षुब्ध विपक्षी उसे और उसके पुत्र कोदौडा दौडा कर मारे पीटे और जाति सूचक गालियां दी। चन्द्रमा देवी ने मऊआइमा थाने में हासिम अली ,राशिद अली, हाकिम अली, आरिफ अली ,कबीर उद्दीन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराई है।

### बीडीओ कोरांव ने टीम गठित कर गांवों में कराया साफ सफाई

**लेडियारी।** क्षेत्र के कोरांव बिकास खन्ड अधिकारी ने सरकार के आदेश का पालन करतें हुए संचारी रोग नियंत्रण पानी ब्लॉक से सफाई कर्मियों की टीम गठित करते हुए डीही खुर्द के साथ-साथ कई गांवों की साफ सफाई अभियान के तहत नालियों सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कराया जा रहा है साफ सफाई करने वाली टीम में रामलाल सुपरवाइजर, बलवंत राम, राजेंद्र प्रसाद ,हरिलाल ,संजय कुमार ,बृजलाल, राम गोविंद, राम दुलार, मोहम्मद साबिर ,उदित नारायण ,उदय राज आदिवासी, इन लोगों के द्वारा गांव में गंदगी का अंबार को हटाया गया इनके कार्य से लोगों में खुशी व्याप्त है।

# एसएससी परीक्षा में पकड़ा गया मुन्नाभाई, तीन गिरफ्तार

## बायोमीट्रिक हाजिरी के दौरान पकड़ में आया मुन्ना भाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** धूमनगंज में एसएससी की परीक्षा में फजीर्वाड़ा करते मुन्नाभाई समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो मूल अभ्यर्थी हैं जिन्होंने पूर्व में हुई प्रथम चरण की परीक्षा के दौरान अपनी जगह किसी अन्य को बैठाया था। बायोमीट्रिक अटेंडेंस के दौरान इस फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।एसएससी की ओर से एक जुलाई को कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल भर्ती के स्किल टेस्ट का आयोजन किया गया था। इसके लिए धूमनगंज के सुलेमसराय स्थित मधु वाचस्पति इंटर कॉलेज को भी केंद्र बनाया गया था। केंद्राध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि बायोमीट्रिक अटेंडेंस के दौरान तीन परीक्षार्थियों के अंगूठे के निशान का मिलान पूर्व में लिखित परीक्षा के दौरान लिए गए निशान से नहीं हुआ।विकास कुमार सिंह की जगह संजीव कुमार परीक्षा देते पकड़ा गया। जबकि दो अन्य अभ्यर्थी विजय पटेल और राघवेंद्र सिंह के बारे में पता चला कि दोनों की जगह पूर्व में लिखित परीक्षा में किसी दूसरे ने परीक्षा दी थी। इस पर तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो तीनों ने फजीर्वाड़ा स्वीकार कर लिया। जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि कोर्ट की अनुमति से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### 20 हजार में हुआ था सौदा.....

विकास की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया संजीव कुमार तिसिऔता, जनपद वैशाली, बिहार का रहने वाला है। उसने बताया कि विकास ने उसे 20 हजार रुपये देने का वादा करके टाइपिंग परीक्षा में शामिल होने के लिए कहा था। इसमें से पांच हजार रुपये उसे मिल चुके थे जबकि शेष परीक्षा बाद मिलने थे। उधर विजय निवासी गोहरी फाफामऊ व राघवेंद्र निवासी बलापुर कोरांव ने यह तो स्वीकार किया कि उनकी जगह पर लिखित परीक्षा में दूसरे युवक बैठे थे। लेकिन वह उनका नाम नहीं बता सके। उनका कहना था कि कोचिंग में मिले एक व्यक्ति ने उनसे परीक्षा के जगह किसी अन्य व्यक्ति को बैठाने की बात तय की थी। परीक्षा बाद इसके लिए 60-60 हजार रुपये दोनों को देने थे।

# करंट से हुई तीन मौत को लेकर भाकियू (भानु) ने सौंपा ज्ञापन

## पीड़ित परिवार को दिया जाए मुआवजा और नौकरी पिंटू चौबे

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** तहसील कोराव अंतर्गत अमिलिया ग्राम सभा में शुक्रवार को विद्युत के चपेट से हुई 3 मौतों के मामले में पीड़ित परिजनों को मुआवजा एवं नौकरी के मांग समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर 6 सूत्री ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन भानु के बैनर तले अरुण कुमार चतुर्वेदी उर्फ पिंटू चौबे जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में दिन शनिवार को तहसील प्रांगण कोराव में तहसील दिवस के मौके पर शुभम श्रीवास्तव उप जिलाधिकारी थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह के मौजूदगी में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा इस मौके पर किसान नेता पिंटू चौबे ने कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन क्षेत्र में बड़ी घटनाएं होती रहती हैं जिसमें इंसानी जिंदगी के साथ साथ मवेशी भी हादसे के शिकार होते रहते हैं। लेकिन इस गंभीर समस्या पर बिजली विभाग के सक्षम अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे रहते हैं और कर्मचारी समस्याओं को नजरअंदाज कर एक सूत्रीय कार्य वसूली में मस्त रहते हैं किसान नेता ने शासन प्रशासन से मांग किया कि उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पीड़ित के परिजनों को उचित मुआवजा एवं परिवार के जीवकोपार्जन के लिए घर के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। मौके पर उपस्थित चर्चित किसान नेता राजेश पांडे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से विद्युत विभाग की लापरवाही से निरीह लोगों की जाने जा रही है यह निंदनीय है और इस घटना से संबंधित जितने भी जिम्मेदार अधिकारी हैं उन पर तत्काल हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए और क्षेत्र में पुराने जर्जर तारों और पोल को अविलंब बदला जाए धान की रोपाई का समय आ चुका है सभी साधन सहकारी समितियों खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आवारा पशुओं के रोकथाम के नाम पर सक्षम अधिकारियों द्वारा हो रहे बंदरबांट की उच्च स्तरीय जांच करते हुए आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए साथ ही साथ क्षेत्र में हो रहे खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन से हो रहे वन सम्पदा के दोहन पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर मंगला कोल पप्पू शुक्ला अमित पांडे देवराज मिश्रा सुभाष पांडे विपुल दुबे कमलेश मिश्रा प्रभा दुबे नवनीत पांडेय सौरभ मिश्रा विपिन मिश्रा मनीष मिश्रा समेत आदि किसान नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्यालय, नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी

**विज्ञप्ति**

नगर विकास विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ की अधिसूचना संख्या- 1480/9-16-17-06 सी0वी0/2016 दिनांक 01 सितम्बर 2017 द्वारा निर्गत होने के पश्चात अनु सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या- 1589/9-6-17-06 सी0वि0/16 नगर विकास अनुभाग-6 लखनऊ दिनांक 01 सितम्बर 2017 द्वारा जनपद कौशाम्बी की नगर पंचायत भरवारी का सीमा विस्तार/उच्चीकरण किये जाने के निर्देश प्रसारित किये गये। शासन के उपरोक्त अंकित आदेश के क्रम में कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, जनपद-कौशाम्बी के पत्रांक संख्या- 6882/पं0/सीमा विस्तार/न0पा0परि0भर0/2017-18, दिनांक 19 फरवरी 2018 के पत्र के द्वारा नगर पालिका परिषद भरवारी में सम्मिलित विकास खण्ड मूरतगंज एवं विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी के ग्राम पंचायत/ग्रामसभा के चल एवं अचल सम्पत्तियो सहित नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद कौशाम्बी को हस्तगत किया गया है। नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद कौशाम्बी मे सम्मिलित किये गये ग्रामो में भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन व जिला प्रशासन के द्वारा निर्गत आदेशो के क्रम में व उपरोक्त अंकित आदेश के आलोक मे तथा नगर पालिका परिषद भरवारी सीमा के अन्तर्गत नगारिक सुविधाओ पर उत्तरोत्तर आसीन व्यय निहित हो जाने के परिणाम स्वरूप राज्य सरकार द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि नगर निकाय अपनी आय के श्रोतो की वृद्धि करें, जिससे नगर पालिका परिषद स्वयं निर्भर हो सके, उक्त के अनुपालन में उत्तर प्रदेश अधिनियम 1916 की धारा 298 का प्रयोग कर 128 (1) एवं (IX) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पालिका परिषद भरवारी की सीमान्तर्गत विविध कर शुल्क निर्धारण एवं संग्रहण के लिए उपविधि तैयार की गई है। इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण का सुझाव/आपत्ति आमंत्रित की जाती है। जिस किसी को इस उपविधि के सम्बन्ध में सुझाव/आपत्ति हो वह प्रकाशन के दिनांक 30 दिन के अंदर अपने सुझाव/आपत्ति अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भरवारी को लिखित रूप से कार्यालय में दे सकता है। निर्धारित अवधि के अन्दर सुझाव/आपत्ति प्राप्त न होने पर उपविधि को अन्तिम रूप देते हुए नगर पालिका अधिनियम की धारा 300 के अन्तर्गत असाधारण सरकारी गजट में प्रकाशित कर दिया जाएगा जो प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी होगा।

**विविध कर (शुल्क) उपविधि-2022 :-**

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 जो नगर पालिका परिषद पर प्रवृत्त है के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद भरवारी कौशाम्बी में **विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2022** कहलायेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः- **संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भः-** यह उपविधि विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली 2022 कहलायेगी। यह उपविधि उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी में प्रवृत्त होगा। **परिभाषायें :-** विषय या प्रयोग में कोई शर्त प्रतिकूल न होने पर इस अधिनियम में उल्लिखित शब्द का अर्थ यह पढ़ा व समझा जायेः- (1) ह्यह्यअधिनियमह्यह्य का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 से है। (2) ह्यह्यअधिशासी अधिकारीह्यह्य का तात्पर्य नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी के अधिशासी अधिकारी से है। (3) नगर पालिका परिषद का तात्पर्य नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी से है। (4) अध्यक्ष/प्रशासक का तात्पर्य नगर पालिका परिषद भरवारी कौशाम्बी के अध्यक्ष/प्रशासक से है। **विविध कर (शुल्क) की दरेंः-** (1) प्रमाण पत्र शुल्क-रु0 50/- प्रति प्रमाण पत्र। (2) टैंकर शुल्क (पालिका सीमा में सार्वजनिक कार्य हेतु)-रु0 700/- प्रति चक्कर/प्रति टैंकर। (3) टैंकर शुल्क (पालिका सीमा में व्यावसायिक कार्यो हेतु)- रु0 1000/-प्रति चक्कर/प्रति टैंकर। (4) टैंकर शुल्क (पालिका सीमा के बाहर अधिकतम 10 किमी0 तक केवल सार्वजनिक कार्यो हेतु)- रु0 2000/-प्रति चक्कर/प्रति टैंकर। (5) नगर पालिका के कार्यालय में पम्प हाउस/ समरसेबुल से पानी के निजी खाली टैंकर भरने पर शुल्क 300/- प्रति टैंकर। (6) सीवरेज टैंकर उपयोग शुल्क (पालिका सीमान्तर्गत)-रु0 4000/-प्रति चक्कर/प्रति टैंकर। (7) सीवरेज टैंकर शुल्क (पालिका सीमा के बाहर अधिकतम 10 किमी तक)-रु0 5000/-प्रति चक्कर/प्रति टैंकर। (8) नाली/नाला या सार्वजनिक जगह पर गंदगी फैलाने पर पेनॉल्टी शुल्क-रु0 100/- प्रति प्रकरण। (9) नाली/नाला या सार्वजनिक जगह पर गंदगी फैलाने की पुनरावृत्ति करनें पर पर पेनॉल्टी शुल्क-रु0 500/-प्रति प्रकरण। (10) 40 माईक्रोन मोटाई से कम की मोटाई की पॉलीथीन प्रयोग करने पर पेनॉल्टी शुल्क-रु0 1000/-प्रति प्रकरण। (11) 40 माइक्रोन मोटाई से कम की मोटाई की पॉलीथीन प्रयोग करनें की पुनरावृत्ति करनें पर पेनॉल्टी शुल्क-रु0 2000/-प्रति प्रकरण। (12) नगर पालिका सीमा में अधिष्ठापित बिजली के ट्रॅान्सफारमर पर शुल्क- रु0 1000/-वार्षिक। (13) नगर पालिका सीमा में अधिष्ठापित बिजली के पावर हाउस/सब स्टेशन पर शुल्क- रु0 5000/-वार्षिक। (14) नगर पालिका सीमा में भैस/गाय/ सुअर इत्यादि सभी प्रकार के पालतू जानवरों को खुला छोड़ने पर पकड़े जाने पर शुल्क-रु 500/- प्रति प्रकरण/ प्रतिदिन। (15) नगर पालिका सीमा में निर्मित होने वाले सार्वजनिक शौचालयों के टॅायलेट प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से रु0 05/- प्रति व्यक्ति एवं बाथरुम प्रयोक्ता यूजर चार्ज से रु0 05/-प्रति व्यक्ति लिया जायेगा। (16) नगर पालिका सीमा में स्थित नाली/नाला/सड़क/ अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा करने वाले व्यक्ति पर पेनॉल्टी शुल्क रु0 1000/- तथा पुनरावृत्ति करनें पर रु0 5000/-प्रकरण। (17) भैंसा/बकरा व अन्य मीट की दुकान हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने पर शुल्क 1000/- रुपए वार्षिक प्रतिप्रकरण होगा। (18) छोटी बाउण्ड्री युक्त भूखण्ड या मकानों के मध्य खाली भूखण्ड पर पड़ोसियों के द्वारा कूड़ा करकट फेकनें को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा अपने खाली भूखण्डों एवं छोटी बाउण्ड्री वाल पर न्यूनतम दो मीटर ऊँची बाउण्ड्रीवाल निर्मित न कराने पर पेनॉल्टी शुल्क प्रति प्रकरण रू0-1000/- होगा। (19) नगर पालिका सीमान्तर्गत पालतू जानवर पालने वाले व्यक्तियों के द्वारा अपने पालतू जानवरों के गोबर/गंदगी सार्वजनिक जगहों, मार्गों, पटरियों पर रखने या नाली या नालों में प्रवाहित करने पर सम्बन्धित पशुपालक से पेनॉल्टी शुल्क (स्पॉट फाईन) एक हजार रुपए प्रति प्रकरण की दर से वसूल किया जायेगा तथा पुनरावृत्ति किये जाने पर पेनाल्टी शुल्क (स्पॉट फाईन) दो हजार प्रति प्रकरण वसूल किया जायेगा। (20) सड़क के किनारे मौरंग, बालू, ईंट भवन समाग्री पाये जाने पर, नालियों के ऊपर अतिक्रमण, सड़क के किनारे अवैध गुमटी, खोखा इत्यादि व सड़क के किनारे फुटपाथ पर दुकानों का सामान फैलाने पर पेनॉल्टी शुल्क रु0 1000/- प्रतिदिन प्रति प्रकरण होगा। (21) नगर पालिका के जे0सी0बी0 मशीन व्यक्तिगत उपयोग हेतु किराया शुल्क रु0 100/- प्रति घण्टा। (22) नगर पालिका के मोबाइल टॉयलेट किराया शुल्क रु0 1500/- प्रतिदिन। (23) नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी में किये जाने वाले घरेलू जलापूर्ति पर जलमूल्य रू0 100/- प्रतिमाह या रू0 1200/- वार्षिक होगा परन्तु जलापूर्ति का व्यासायिक उपयोग करने पर जलमूल्य रू0 200/- प्रतिमाह या रू0- 2400/- वार्षिक होगा। (24) जल संयोजन हेतु स्वमित्व प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी के पक्ष में अनुबंध पत्र इत्यादि आवश्यक औपचारिकता पूर्ण करने पर जल संयोजन हेतु शुल्क 1500/- रुपए देय होगा। उसके साथ ही जल कनेक्शन कराने वाले व्यक्ति को जल कनेक्शन हेतु आवश्यक सामग्री तथा रोड कटिंग की मरम्मत सम्बन्धित व्यक्ति के द्वारा स्वतः कराना अनिवार्य होगा अन्यथा उपरोक्त रोड कटिंग के मरम्मत खर्च के साथ ही 2000 रुपए अतिरिक्त पेनॉल्टी के साथ वसूल किया जायेगा। (25) नगर पालिका सीमान्तर्गत कार्यालय द्वारा नियमित जल संयोजन लिये बिना अवैधानिक ढ़ग से सरकारी पेयजल पाईप लाईन में अवैध जल कनेक्शन ले लेने पर सम्बन्धित व्यक्ति/भवन स्वामी के द्वारा 5000/- रुपए अर्थ दण्ड आरोपित होगा तथा नवीन जल कनेक्शन हेतु वांछित अन्य औपचारिकता पूर्ण कराकर अपने अवैध जल कनेक्शन को नियमित कराना होगा। (26) नगर पालिका के सीमा में स्थित भवन में निजी समर्सिबल पम्प लगवाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु शुल्क रु0 2000/- (क) नगर पालिका सीमा में स्थित भवन में निजी सबमर्सिबल पम्प से पानी उपयोग करने हेतु वार्षिक शुल्क रु0 1200/- (ख) ऐसे भवन स्वामी जो व्यवसायिक सबमर्सिबल पम्प का प्रयोग करते है, इस हेतु वार्षिक शुल्क रु0 2400/- (27) भवन स्वामियों के द्वारा नल की टोटी खुली पाये जाने पर जुमार्ना रु0 100/- प्रति प्रकरण एवं भवन स्वामियों के द्वारा नल की टोटी खुली पाये जाने की पुनरावृत्ति करने पर जुमार्ना रु0 200/- प्रति प्रकरण। (28) डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी द्वारा स्वयं या अनुबन्धित संस्था के होने पर यूजर चार्ज के रूप में घरेलू रु0 100/- प्रति परिवार/प्रति माह, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से रु0 200/- प्रति प्रतिष्ठान/प्रतिमाह, तथा गेस्ट हाउस या बल्क वेस्ट जनरेटर रु0 1000/- प्रति गेस्ट हाउस/ प्रति माह की दर से लिया जायेगा। उपरोक्त डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुल्क की मासिक रूप से वसूली या गृहकर /जलकर के डिमाण्ड बिल में जोड़कर वार्षिक रूप से वसूली किया जायेगा। (29) नगर पालिका सीमान्तर्गत श्वान/ सुअर पालकों को नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी के कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य है, पंजीकरण शुल्क रु0 100/- प्रतिवर्ष/प्रति श्वान/प्रति सुअर। (30) नगर पालिका सीमान्तर्गत मुख्य मार्गों के पटरियों पर तथा वार्डों की गलियों वाली सड़कों पर अपने वाहनों को स्थायी रूप से या सुबह-शाम या रात में पार्क करने के कारण होने वाले सार्वजनिक अवरोध पर सम्बन्धित वाहन स्वामी से स्पॉट फाईन 500 रू0 प्रतिवाहन/ प्रतिदिन की दर से वसूल किया जायेगा तथा पुनरावृत्ति किये जाने पर स्पॉट फाईन 1000 रू0 प्रतिवाहन/प्रतिदिन की दर से वसूल किया जाये। (31) **निकाय द्वारा निर्मित दुकानों का शुल्क एवं नीलामी प्रक्रिया-** नगर पालिका परिषद भरवारी, सीमान्तर्गत शासन की किसी निधि या निकाय निधि से निर्मित व्यावसायिक दुकानों या भविष्य में निर्मित होने वाले दुकानों के क्षेत्रफल के आधार पर मासिक किराया तथा नीलामी बोली हेतु आरक्षित विभागीय न्यूनतम जमानत की धनराशि का विवरण निम्नानुसार हैः- (क) 100 वर्ग फुट क्षेत्रफल तक छोटी दुकानों से मासिक किराया पन्द्रह सौ रुपए तथा नीलामी बोली हेतु आरक्षित विभागीय न्यूनतम जमानत धनराशि पच्चीस हजार रुपए होगी।, (ख) 100 वर्ग फुट से अधिक 300 वर्ग फुट क्षेत्रफल तक मझौली दुकानों का मासिक किराया पच्चीस सौ रुपए तथा नीलामी बोली हेतु आरक्षित विभागीय न्यूनतम जमानत की धनराशि पच्चास हजार रुपए होगी। (ग) 300 वर्ग फुट क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल की बड़ी दुकानें/हॉल का मासिक किराया चार हजार रुपए तथा नीलामी बोली हेतु आरक्षित विभागीय न्यूनतम जमानत की धनराशि एक लाख रुपए होगी। उपरोक्त दुकानों के आवंटन में आरक्षण के शासनादेशों के अनुपालन के पश्चात दुकानों की वर्गवार क्रमिक ढंग से आरक्षित विभागीय न्यूनतम पगड़ी की धनराशि से नीलामी बोली का प्रारम्भ कर अधिकतम बोलीदाता के पक्ष में आवंटन की अन्य औपचारिकतायें पूर्ण होने पर आवंटित करने की कार्यवाही की जायेगी। उपरोक्त दुकानों का किराया निर्धारित वित्तीय वर्ष के समाप्ति के पूर्व जमा न होने पर उपरोक्त आवंटन आदेश निरस्त करते हुये अवशेष किराये को बारह प्रतिशत वार्षिक की अतिरिक्त दर से जमानत की धनराशि से प्रतिपूर्ति करते हुए वसूल की जायेगी। अन्य शासकीय करों की देयता के साथ विद्युत बिल को सम्बन्धित को देय करना होगा। सम्बन्धित दुकानदार द्वारा किसी प्रकार के तोड़ फोड़ नुकसान करने पर या दूसरे को शिकमी जायेगा तब किरायेदारी पर उठाने या प्रतिबंन्धित व्यवसाय करने पर भी दुकान का आवंटन आदेश स्वतः निरस्त हो जायेगा। (32) **विज्ञापन शुल्क तथा शर्तेंः-** सचिव उ0प्र0 नगर विकास अनुभाग-09 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्याः-618/नौ-09 -2012-277ज/2011 दिनांकः-05 अप्रैल, 2012 के द्वारा विज्ञापन/प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश तथा नगर पालिका बोर्ड द्वारा प्रस्तावित शुल्क दरों का विवरण निम्नानुसार हैः-(क) विज्ञापन/विज्ञापन पट्ट के लिये ऐसे स्थल चिन्हित किये जायेगें जो प्रत्येक स्थिति में निरापद, निर्बाध, गगनागमन और सुगम यातायात के लिये सर्वथा उपयुर्क्त हो।, (ख) विज्ञापन पट्टों की सुदृढ़ता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाये, ताकि कोई दुर्घटना न होने पाये।, (ग) विज्ञापनों को वृक्षो, बल्लियों, बांस या लकड़ी से बाधा नही जायेगा तथा इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये कि विज्ञापन से आस-पास के कलात्मक सौन्दर्य नष्ट न हो और लोक सम्पत्ति किसी प्रकार से विरूपित न हो।, (घ) विज्ञापन शुल्क दस रुपए प्रति वर्ग फुट/प्रति माह की दर से देय होगा, (अवधि एक दिवस से एक माह तक अधिकतम मान्य होगी।) जिसमें सभी प्रकार के होर्डिंग/बैनर/ग्लोसाईन बोर्ड/साईन बोर्ड/विज्ञापन पट्ट/पोस्टर/बैनर/क्यास/वॉल पेंटिंग/यूनीपोल इत्यादि सभी प्रकार के विज्ञापन सम्मिलित है। उपरोक्त विज्ञापन शुल्क की दरें प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात स्वतः तीस प्रतिशत प्रति वर्ग फुट/प्रतिमाह की दर से बढ़ जायेगी, परन्तु यदि नगर पालिका बोर्ड दरों में पुनः कोई संशोधन करना चाहते है, तो पालिका के पास संशोधन का अधिकार सुरक्षित होगा।, (ड.) किसी भी विज्ञापन या विज्ञापन पट्ट किसी भी दशा में जनहित व निकाय हित के प्रतिकूल नही होने चाहिए और उससे सम्प्रदर्शित विज्ञापन किसी भी प्रकार से अशिष्ट/अश्लील/स्वास्थ्य के लिये हानिकारक और आपत्तिजनक प्रवृत्ति के नही होने चाहिये।, (च) उपरोक्त विज्ञापन शुल्क को निर्धारित दरो पर वसूली विभाग द्वारा स्वतः अपने स्तर से अथवा वित्तीय वर्षवार ठेका खुली नीलामी के माध्यम से उठाया जायेगा। उपरोक्त विज्ञापन शुल्क वसूली ठेका नीलामी हेतु न्यूनतम विभागीय आरक्षित धनराशि तीन लाख रुपए वार्षिक होगा तथा उक्त के नीलामी बोली में उससे अधिक सर्वोच्च बोलीदाता को ही विज्ञापन शुल्क का ठेका निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन दिया जायेगा, तथा प्रत्येक माह विज्ञापन शुल्क वसूली ठेकेदार को नगर क्षेत्र में उपरोक्त प्रतिबंधों के अधीन अधिकतम पांच हजार वर्गफुट विज्ञापन/होर्डिंग/ बैनर इत्यादि लगाने की अनुमति होगी। प्रत्येक माह के किसी भी दिन विभागीय अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा की जाने वाली आकस्मिक जॉच में विज्ञापन का ठेका प्राप्त करने वाले व्यक्ति के द्वारा नगर क्षेत्र में दस हजार वर्ग फुट से अधिक क्षेत्रफल के विज्ञापन प्रदर्शिनी पाये जाने पर पांच हजार वर्गफुट से अधिक के अतिरिक्त क्षेत्रफल पर सम्बन्धित माह में दस रुपए प्रति वर्गफुट की दर से अतिरिक्त विज्ञापन शुल्क पालिका कोष में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा विज्ञापन शुॅल्क वसूली ठेका आदेश निरस्त करने की विभागीय कार्यवाही की जा सकती है।, (छ) उपरोक्त विज्ञापन/ होर्डिंग/ बैनर इत्यादि के ठेके के अतिरिक्त अधिष्ठापित यूनीपोल ठेके का विज्ञापन शुल्क (दोनो तरफ के क्षेत्रफल की गणना पृथक-पृथक की जायेगी),दस रुपए प्रतिवर्ग फुट/ प्रतिमाह की दर से प्रत्येक माह में विभागीय तरीके से वसूल किया जायेगा। (33) **डिश एन्टीना शुल्क-** सचिव, उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-9, शासनादेश सं0 406/नौ-9- 1997-95जनर/96 दिनांक 10-02-1997 के अनुपालन में नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 के अन्तर्गत डिश एन्टीना शुल्क प्रस्तावित करती है - (क) नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी सीमान्तर्गत डिश एन्टीना के माध्यम से टी0वी0 प्रसारण किया जाता है या डिश एन्टीना का व्यवसाय किया जाता है। (ख) प्रत्येक डिश एन्टीना स्वामी/साझेदार पर उनके दिये गये कनेक्शनों पर प्रति कनेक्शन शुल्क रु0 20/- प्रति माह लिया जायेगा। (ग) डिश एन्टीना स्वामी माह के अन्तिम सप्ताह में संचालित कनेक्शन की सूची अनिवार्य रूप से पालिका में उपलब्ध करायेगा। (घ) कनेक्शनों की जांच/निरीक्षण पालिका के अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा कभी भी किया जा सकेगा। (ङ) केबिल तार इस प्रसार से लगाया जाये जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना/विद्युत आपूर्ति में बाधा की समस्या न हो। (34) **शो टैक्स :-** नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी सीमान्तर्गत मनोरंजन (शो)/टॉकिज के माध्यम से फिल्म/मनोरंजन कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाता है, तो ऐसे स्वामियों से यूजर चार्ज सहित अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु पाँच सौ रुपए प्रति शो/प्रति दिन की दर से या प्रतिमाह अधिकतम 5000/- रुपए तक शो-टैक्स लिया जायेगा। (35) नगर पालिका सीमान्तर्गत वेंडिग जोन निम्नानुसार चिन्हित किया जाता हैः- (क) भरवारी बाजार क्षेत्र, (ख) मूरतगंज बाजार क्षेत्र तथा नान वेंडिंग जोन को चिन्हित किया गया है। (36) **शहरी फेरी नीति के अन्तर्गत निर्धारित बाजार क्षेत्र में लगाई जाने वाली दुकानों से शुल्क :-** नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी द्वारा बाजार हेतु चिन्हित बाजार क्षेत्र भरवारी/मूरतगंज/परसरा/बिसारा/गिरसा/सिंधिया एवं भविष्य में अधिकृत होने वाले अन्य बाजार क्षेत्र में सड़क, चबूतरा निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, विद्युतीकरण विषयक मूलभूत/ आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के बदले शासन द्वारा निर्धारित शहरी फेरी नीति के अन्तर्गत उक्त बाजार क्षेत्र में लगने वाली छोटी दुकानों से रु0 25/-प्रतिदिन/प्रतिबाजार की दर से एवं बड़ी दुकानों से रु0 50/- प्रतिदिन/ प्रतिबाजार शुल्क वसूली की जायेगी। भविष्य में पालिका सीमा में वेडिंग जोन/बाजार हेतु और भी स्थल चिन्हित होने पर उन स्थलों पर भी शहरी फेरी नीति के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार शुल्क की दरें प्रभावी मानी जायेगी। भविष्य में शहरी फेरी नीति के अन्तर्गत चिन्हित बाजार क्षेत्र की वसूली सरकारी कर्मियों से सीधे कराई जायेगी या वार्षिक ठेका नीलामी/निविदा के माध्यम से की जायेगी। भविष्य में शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का अनुपालन कराया जायेगा।

पत्र संख्या- 804 /न0पा0परि0भ0/गजट/2022, दिनांक 30.06.2022

**(अधिशासी अधिकारी)**
**नगर पालिका परिषद**
**भरवारी कौशांबी**

# चिकित्सा दिवस पर आईएमए प्रतापगढ़ का भव्य आयोजन

## जनपद के जाने माने चिकित्सकों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर देर शाम आल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन प्रतापगढ़ इकाई के द्वारा कटरा रोड स्थित आइएमए भवन में जनपद के जाने माने चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा दिवस सेवा, समर्पण और सम्बोधी दिवस के रूप में मनाया गया।



आईएमए के कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक।

इस कार्यक्रम में डॉक्टर सोनेलाल पटेल मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ के प्राचार्य डॉक्टर आर्य देश दीपक त्रिपाठी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर प्रकाश शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक समाजसेवी डॉक्टर आर के सिंह, डॉक्टर मनीष सिंह और आईएमए के अध्यक्ष एसएस गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आईएमए के संरक्षक डॉक्टर ए के कुलश्रेष्ठ और कोषाध्यक्ष डॉक्टर शिवमूर्ति लाल मौर्य ने किया।

कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार अमितेंद श्रीवास्तव, समाज में अपनी बेहतर सेवा और प्रमुख भूमिका के लिए श्रीमती श्रद्धा सिंह, चिकित्सा के क्षेत्र में वरिष्ठ चिकित्सक बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवि श्रीवास्तव, आइएमए के नव निर्मित भवन को बनवाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टर ए के कुलश्रेष्ठ, डॉक्टर आर ए प्रसाद, डॉक्टर देवांशू ओझा, डॉक्टर इम्तियाज, डॉक्टर मनोज खत्री, डॉक्टर मोना सक्सेना, को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आईएमए द्वारा मुख्य अतिथि डॉक्टर आर्य देश दीपक त्रिपाठी, डॉक्टर प्रकाश शर्मा, डॉक्टर आर के सिंह, डॉक्टर मनीष सिंह और डॉक्टर एसएस गुप्ता और डॉक्टर प्रकाश शर्मा, डॉक्टर आर पी चैबे को भी समानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अनीता श्रीवास्तव, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, डॉक्टर विनय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार संतोष भगवन, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गोकुल नाथ श्रीवास्तव, शरद केसरवानी, इंजीनियर संजय सिंह, राहुल खंडेलवाल, अश्वनी केसरवानी आदि मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में महज सोलह शिकायतों का निस्तारण, एडीएम ने की सुनवाई

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को शिकायतों का अंबार दिखा। अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए मातहतों को निस्तारण में तेजी लाए जाने के कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस में आयी दो सौ पांच शिकायतों में अफसरों ने सोलह का निस्तारण किया। इनमें सर्वाधिक शिकायत राजस्व की तिरपन, पुलिस विभाग की अड़तीस, विकास की पांच व अन्य विभागों की एक सौ नौ रहीं। पुलिस से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई सीओ रामसूरत सोनकर करते दिखे। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का संयोजन किया। इस मौके पर ईओ सुभाषचंद्र सिंह, बीडीओ लालगंज अश्विनी कुमार सोनकर, सीडीपीओ लक्ष्मणपुर ममता सिंह, रामचन्द्र त्रिपाठी आदि रहे।

## जमीनी विवाद में युवक को चाकूओ से गोदकर हत्या, आरोपी फरार, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश को लेकर दो परिवारों के बीच में चल रहा तनाव मारपीट में तब्दील हो गया। बीच-बचाव करने आए परिवार की एक युवक को पड़ोसी आरोपियों ने लाठी से पीटकर अधमरा कर दिया फिर चाकू से गोद कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। युवक की मौत के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही सभी आरोपी वहां से फरार हो गए।



युवक की मौत के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नोही गांव के रहने वाले राजकुमार चैहान काफी वृद्ध हो चुके हैं। उनके दो बेटों जयनाथ तथा रघुनाथ में जयनाथ सबसे बड़ा है। जयनाथ के तीन बेटे हैं सूरज धीरज और रोहित वही रघुनाथ के भी तीन बेटे राजदेव राहुल बबलू चैहान है। रघुनाथ की मौत लगभग 5 साल पहले हो चुकी है। राजकुमार चैहान ने अपने बड़े बेटे जयनाथ के सबसे छोटे बेटे रोहित के नाम एक बीघा जमीन बैनामा कर दिया था। जिसको लेकर रघुनाथ के तीनों बेटे आएदिन राजकुमार से नाराज रहते थे और जमीन में हिस्सा मांगते रहते थे। शनिवार की सुबह राजदेव उनकी पत्नी रूपम तथा बेटा बबलू चैहान अपनी माँ गेना के साथ रामकुमार से हिस्से की जमीन मांगने लगे, जिससे दोनों परिवारों में कहासुनी बढ़ने लगी।

उसी समय जयनाथ का बेटा धीरज (25) किसी रिश्तेदारी में शामिल होकर घर वापस लौटा। कहासुनी और मारपीट की नौबत को देखते हुए वह झगड़ा शांत कराने के लिए पहुंचा तो राजदेव अपनी पत्नी रूपम भाई बबलू तथा मां गेना के साथ धीरज पर टूट पड़ा और लाठियों से पीटकर नीचे गिरा दिया। उसके बाद राजदेव और बबलू चैहान ने उसके गले आंख के नीचे तथा शरीर पर कई वार चाकू से कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर तड़पने लगा शरीर पर तथा सिर पर कई जगह होने के कारण बात थोड़ी देर में उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना थोड़ी देर में पुलिस को ग्रामीणों ने फोन पर दिया तो मौके पर पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। मौके पर प्रतापगढ़ एडिशनल पश्चिमी रोहित मिश्रा भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की बहन गीता देवी पत्नी दिनेश चैहान निवासी राजा उमरी ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के तत्वाधान में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के ब्लड बैंक में शनिवार को ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया।




रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रोटेरियन।

जिसमें क्लब के सचिव रोटेरियन शरद केसरवानी उनके पुत्र प्रत्यूष केसरवानी और सहयोगी परीक्षित चतुवेर्दी ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ घनश्याम अग्रवाल ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। आपके रक्तदान से किसी जरूरतमंद का जीवन बच सकता है। रक्तदान करते रहना चाहिए। इससे शरीर में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आती है।

कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन क्लब के समन्वयक अश्विनी केसरवानी ने किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के इंचार्ज आरडी पांडे, कुसुम लता गुप्ता, पवन नंदन शर्मा, बीडी मिश्रा समेत कई मेडिकल स्टाफ मौजूद था। ज्ञात हो कि सुबह से तेज बारिश होने के कारण मेडिकल कॉलेज में पानी भर जाने के बावजूद भी लोग रक्तकोष केंद्र पर पहुंच कर रक्तदान किए, जिसके लिए समन्वयक रो अश्विनी केसरवानी ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।

## पालीथिन को लेकर बेल्हा देवी मंदिर में दिलाई गई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बेल्हा को पालीथिन मुक्त बनाने के लिये नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के चैथे दिन शहर के बेल्हा देवी मंदिर परिसर में व्यापारियों तथा क्षेत्रवासियों ने पालीथिन इस्तेमाल न करने की शपथ ली तथा बेल्हा देवी मंदिर से सदर मोड़ होते हुए बेल्हा देवी पुल तक जागरुकता रैली निकाली गई।

### नगर पालिका के ईओ व कर्मचारियों ने सई नदी से भी निकाली पालीथिन



सई नदी से पालीथिन निकालते अधिशाषी अधिकारी व अन्य।

इसके अलावा सई नदी के घाटों की नगर पालिका ने 50 कर्मचारी लगाकर साफ-सफाई की। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह स्वयं मंदिर के बगल बहने वाली सई नदी से प्लास्टिक की पन्नी निकालते देखे गये। नदी में बह रही गंदगी व प्लास्टिक की पन्नियों को कर्मचारियो ने पानी में घुसकर निकाला। नगर पालिका के ईओ ने बताया कि प्लास्टिक की थैली, गिलास आदि पर प्रतिबंध लग गया है। इसका प्रयोग कत्तई न करें। इस अवसर पर नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश बिंद, स्वच्छ भारत मिशन के आशीष मिश्रा, प्रशांत सिंह तथा क्षेत्रीय सभासद के प्रतिनिधि तथा सफाई नायक मौजूद रहे। पांच दिवसीय जागरुकता अभियान का रविवार को समापन होगा। इस अवसर पर हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## पूरे ईश्वरनाथ में नगर पालिका ने लगाए 750 वृक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने शहर के विस्तारित क्षेत्र पूरे ईश्वरनाथ में 750 वृक्ष लगाकर पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश दिया। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में शनिवार को यह वृहद वृक्षारोपण पूरे ईश्वरनाथ में किया गया। बताया गया कि फलदार, छायादार व औषधिपूर्ण वृक्ष लगाये गये हैं, जिनमें आम, अमरुद, नीम, शीशम, सागौन आदि के वृक्ष लगाये गये हैं।

# व्यापारी के गोदाम में बाजार वासियों ने पकड़ा 156 बोरी सरकारी खाद्यान्न

## अधिकारियों को दी सूचना, सप्लाई इंस्पेक्टर ने सील किया गोदाम लेकिन नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर बाजार स्थित एक गोदाम में बाजार वासियों ने 156 बोरी सरकारी खाद्यान्न को पकड़ कर अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर ने गोदाम को सील कर दिया। वहीं व्यापारी भागने में कामयब रहा।



गोदाम को सील करते कर्मचारी।

शुक्रवार को देर शाम साँगीपुर बाजार स्थित एक निजी गोदाम में रखे 156 बोरी सरकारी खाद्यान्न को स्थानीय लोगो ने पकड़ लिया।मामले की सूचना अधिकारियों को दी। देर रात पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने गोदाम को सील कर दिया। बाजार वासियों के मुताविक स्थानीय एक व्यापारी सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर करता है। वह क्षेत्र ही नही उसका दूर-दराज के लोगों से भी संपर्क है।

वह सरकारी खाद्यान्नों की खरीदारी व बेच का कारोबार कई वर्षों से करता चला आ रहा है। व्यापारी ने बाजार स्थित लगभग आधा दर्जन गोदाम बना रखे है। व्यापारी के करोबार की चर्चा धीरे-धीरे आम हो गई। बाजार के लोग भी इसके अवैध करोबार पर नजर रखना शुरू कर दिया। शुकवार की देर शाम गोदाम पर जैसे ही एक वाहन सरकारी खाद्यान्न उतार कर गया कि लोग वहां पहुंच गए और हंगामा करने लगे।

लोगों के आक्रोश को देखकर व्यापारी फरार हो गया। सूचना पर पहुँचे सप्लाई इंस्पेक्टर ने सरकारी खाद्यान्न सहित गोदाम को सील कर दिया। वहीं खाद्यान्न माफिया पर दूसरे दिन दोपहर बाद तक कोई कार्रवाई का न होना चर्चा का विषय बना रहा। इस संबध में सप्लाई इंस्पेक्टर मयंक चतुर्वेदी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल न उठने के कारण बात नही हो सकी।

### विद्यालय के पकड़े गए खाद्यान्न में हो चुकी है लीपापोती

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकास खण्ड के अठेहा प्रा॰विद्यालय का 33 कुंतल खाद्यान्न वाहन समेत ग्रामीणों ने 20 जून को एक राइस मिल से पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। इस दौरान गुरू जी व चालक ग्रामीणों को देखते ही फरार हो गये थे। मामले में कार्रवाई न कर लीपापोती के बाद अधिकारियों ने रफा-दफा कर दिया।

## घर जाते समय युवक पर प्राणघातक हमला, रिफर

### अन्य मारपीट की घटना में कई घायल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के लरू गोबरा पूरे रामदास निवासी राजेंद्र कुमार यादव पुत्र छेदी लाल यादव (48) वर्षीय बीती की रात लगभग 9 बजे बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान लरू गांव के कोलहूआर पुरवा के पास पहुंचे थे कि इसी दौरान सड़क के किनारे एक घर के अंदर पहले से घात लगाए बैठे हाकी लाठी राड व धारदार हथियार से लैस आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने घर के सामने बाइक से पहुंचते ही हत्या करने की नियत से एक साथ सब टूट पड़े जिससे राजेंद्र कुमार जमीन पर गिरकर लहूलुहान हो गए।

हमलावरों ने समझ लिया की मौत हो चुकी है, तो सभी लोग वहां से भाग निकले। गांव के किसी भी व्यक्ति की छुड़ाने की की हिम्मत भी नहीं दबंगों के सामने पड़ी। सूचना पर पहुंचे परिजन तत्काल इलाज के लिए सीएचसी कुंडा ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजनों ने एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया है। जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। घायल राजेंद्र कुमार यादव के भाई भूपेंद्र यादव ने कुंडा कोतवाली में नामजद हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। एक अन्य मारपीट में कोतवाली क्षेत्र के लरू निवासी राकेश कुमार सरोज 43 वर्ष पुत्र सुंदरलाल, सुरेश कुमार 39 वर्ष पुत्र अशर्फीलाल, फूलमती 40 वर्ष पत्नी विनोद कुमार सरोज, सुशीला देवी 35 वर्ष पत्नी राकेश कुमार सरोज, शांति देवी 50 वर्ष पत्नी अशोक कुमार सरोज को भी चुनावी रंजिश के कारण दबंग पड़ोसियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के सुजौली निवासिनी राजिया शेख पत्नी नफीस शेख को पति पत्नी के विवाद में पति ने मारपीट कर घायल कर दिया। शहरीन बानो 20 वर्ष पुत्री मुजम्मिल हुसैन तथा आलिया बानो पत्नी मुजम्मिल हुसैन को भी चोटें आई हैं। हथिगवा थाना क्षेत्र के बिसाहिया शिवगंगा निवासी नितिन पुत्र विजय कुमार, ललिता देवी पत्नी विजय कुमार तथा सुनीता देवी पत्नी बाबूलाल को मामूली विवाद में पड़ोसी सत्येंद्र कुमार सरोज होरीलाल तथा गुलशन सरोज ने लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना उ0नि0 महेन्द्र सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के अंजनी पुल के पास से रोहित पुत्र गुलीचन्द्र निवासी माघी चैनगढ़ थाना महेशगंज के पास तलाशी के दौरान एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर के साथ बरामद कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने मु0अ0सं0 168/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करअभियुक्त को न्यायालय भेजा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

## दो शातिर बाइक चोर धराए

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाइक चोरी करते रंगे हाथ दो शातिर बाइक चोर पकडे. गये सिविल लाइन चैकी के सिपाहियों की निगाह में चोर आ गए। चैकी के सिपाही राकेश कुमार व कुलदीप यादव की गश्त के दौरान चोरी का प्रयास कर रहे चोरों पर पड़ी। पूछताछ के दौरान पहले एक ने खुद को कुंडा का तो दूसरे ने पट्टी इलाके का बताया। दोनों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। नगर कोतवाली के ट्रेजरी चैराहे पर स्थित वाटर एटीएम पर बाइक का लॉक तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। दोनों सिपाहियों को सक्रियता व कर्तव्यनिष्ठा पर एसपी ने एक-एक हजार रुपये का ईनाम घोषित किया।

## स्थानान्तरण पर सिविल जज को अधिवक्ताओं ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय दीवानी न्यायालय के सभागार में शनिवार को स्थानांतरित सिविल जज ललिता यादव को अधिवक्ताओं ने समारोहपूर्वक विदाई दी। मिजार्पुर जनपद स्थानांतरित सिविल जज को संयुक्त अधिवक्ता संघ की ओर से अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, उपाध्यक्ष सिविल शहजाद अंसारी तथा महामन्त्री शेषनाथ तिवारी ने सम्मान पत्र एवं बुकें प्रदान कर सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानांतरित सिविल जज ललिता यादव ने कहा कि गरीब तबके को जब न्याय परिलक्षित होने के साथ उसकी समस्या के सम्पूर्ण समाधान की तरफ बढ़ता है तभी न्यायिक अवधारणा बलवती हुआ करती है। उन्होंने सिविल न्यायालय में न्यायिक कामकाज के विद्वतापूर्ण संचालन में यहां अधिवक्ताओं से मिले सहयोग को प्रेरणास्पद बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रामलगन यादव व पूर्व अध्यक्ष कालिका प्रसाद पाण्डेय के विदाई गीतों को सुनकर लोग भावुक हो उठे। उपाध्यक्ष बीके तिवारी ने स्वागत तथा उपाध्यक्ष सिविल शहजाद अंसारी ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह को वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश नारायण तिवारी, रमेश पाण्डेय, आशुतोष सिंह, जीतेन्द्र सिंह, जयकरन सिंह, प्रवीण यादव, सोमनाथ मिश्र, विनोद मिश्र, संतोष पाण्डेय आदि ने संबोधित करते हुए न्यायिक सेवा में पारदर्शिता तथा निष्पक्षता पर जोर दिया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, हरिश्चंद्र पाण्डेय, वकील अहमद, संदीप सिंह, सुजीत त्रिपाठी, प्रदीप कुमार आदि अधिवक्ता रहे।

# कच्ची दीवार ढही, भाई-बहन हुए गंभीर रूप से जख्मी, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार की दोपहर झमाझम बारिश के कारण कच्ची दीवार गिरने के कारण एक किशोर और उसकी बहन उसके नीचे दब गया आनन-फानन में परिजन उसे शोर मचाने पर बाहर निकाले और एंबुलेंस की सहायता से पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां पर डॉक्टरों ने उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के धनसार गांव के दान बहादुर का 13 वर्षीय बेटा राहुल घर में बैठकर पढ़ाई कर रहा था। साथ मे उसकी बहन कुसुम भी पढ़ रही थी। दोपहर के समय तेज बारिश के कारण उसके घर की दीवाल अचानक अंदर की तरफ गिर गई जिससे राहुल तथा उसकी बहन कुसुम उसके नीचे दब गए दीवाल गिरने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग तथा गांव के लोग दौड़े तो किसी तरह लोगों ने दोनों को बाहर निकाला उसके बाद एंबुलेंस की सहायता से दोनों को पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को प्राथमिक इलाज करने के बाद उनकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### दीवाल हो चुकी थी जर्जर शासन की तरफ से नहीं मिला आवास

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वैसे तो सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जोर शोर से प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं, लेकिन विभागीय बंदरबांट के कारण पात्र लोगों को आवास की सुविधा नहीं मिल पाती हैं। दान बहादुर का घर भी काफी जर्जर हो चुका था लेकिन आवास ना बनने के कारण उसके बच्चे कच्चे घर में पढ़ने के लिए मजबूर थे। गनीमत यह रहा की पूरी तरीके से दीवाल दोनों के ऊपर नहीं गिरी नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी हालांकि डॉक्टरों ने दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज की रेफर किया है।

### एसबीआई ने स्थापना दिवस पर किया वृक्षारोपण

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंकआलापुर के शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार साहू ने सीएसपी संचालक सुरेश कुमार पांडे के साथ स्थापना दिवस पर हनुमत इंटर कालेज कालाकांकर मे पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया। इस मौके कालाकांकर ग्राम प्रधान कुँवर मनीष सिंह व संग्रामपुर प्रधान ओम प्रकाश यादव, विजय यादव, शिवम गुप्ता, शुभम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। अलग-अलग गांवों में हुई मौत से क्षेत्र में हड़कंप है। फतनपुर बाजार मे रणजीत सिंह की करंट से मौत हो गई तथा बसिरहा निवासी धर्मेन्द्र की करंट से मौत हो गई। दोनों मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पत्रकार की माता का निधन

**भरवारी कौशाम्बी।** एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार अरुण कुमार केसरवानी की माता शांति देवी उम्र 77 वर्ष पत्नी बांकेलाल केसरवानी मुनीम जी निवासी नया बाजार भरवारी का देहांत शुक्रवार की आधी रात को हो गया है। जिनका का अंतिम संस्कार 2 जुलाई शनिवार को संदीपन घाट पर किया गया नगर क्षेत्र के गणमान्य लोग और पत्रकारो ने नम आँखों से श्रद्धांजलि दी और अंतिम दर्शन में उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि इस दुख की घड़ी में पूरे परिवार को शक्ति प्रदान करें व माता जी की आत्मा को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहनों का 236 ई-चालान किया गया साथ ही 03 वाहनों का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### दुष्कर्म के वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त कल्लू पुत्र चन्द्रलाल निवासी पिपरकुण्डी थाना करारी को कस्बा करारी से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त कैलाश पुत्र शिवदानी निवासी गौरा डेरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त भोला निषाद पुत्र स्व० वासुदेव निवासी केवट का पुरवा थाना सराय अकिल को 500 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# तालाब किनारे पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकी मिली अधेड़ का शव

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के पास तालाब के किनारे पेड़ से अधेड़ की लाश लटकती देखी गई है अधेड़ की लाश की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है कि अधेड़ की मौत कैसे हुई है इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट में होगा।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर अहिरारा ग्राम पंचायत में गोदहा तालाब के पास संदिग्ध हालत में पेड़ में फांसी के फंदे में कमलेश पटेल उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्र राम कुमार उर्फ चंदू निवासी अहरारा थाना कोखराज की लाश लटक रही थी सूचना पाकर मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है अधेड़ की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है घटनास्थल पर परिजन भी पहुंच गए हैं मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया है।



मौत की जानकारी मिलने के बाद घर पर मौजूद परिजन और ग्रामीण

### परिजनों के चेहरे पर नहीं दिखा गम...

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अहरारा गांव में कमलेश पटेल की पेड़ पर लाश मिलने के बाद परिजनों के चेहरे पर किसी प्रकार के दुख और गम नहीं दिखाई पड़े हैं परिजन आनन-फानन में पीएम कराने के बाद अंतिम संस्कार को बेताब दिखाई पड़े हैं आखिर जिस परिवार में किसी अधेड़ व्यक्ति की अचानक दर्दनाक मौत हो जाए घर का कमाने वाला मुखिया छोड़कर चला जाए उस परिवार के लोगों के चेहरे पर दुख गम ना दिखाई पड़ना तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं पूरे भीड़ के बीच किसी के चेहरे पर आंसू नहीं दिखाई पड़ रहे थे घटनास्थल पर चीख पुकार नहीं मची थी कमलेश की मौत पर परिजनों का इस तरह से व्यवहार तमाम सवाल खड़े कर रहा है।

### परिजनों के चेहरे पर नहीं दिखे गम

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अहरारा गांव में कमलेश पटेल की पेड़ पर लाश मिलने के बाद परिजनों के चेहरे पर किसी प्रकार के दुख और गम नहीं दिखाई पड़े हैं परिजन आनन-फानन में पीएम कराने के बाद अंतिम संस्कार को बेताब दिखाई पड़े हैं आखिर जिस परिवार में किसी अधेड़ व्यक्ति की अचानक दर्दनाक मौत हो जाए घर का कमाने वाला मुखिया छोड़कर चला जाए उस परिवार के लोगों के चेहरे पर दुख गम ना दिखाई पड़ना तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं पूरे भीड़ के बीच किसी के चेहरे पर आंसू नहीं दिखाई पड़ रहे थे घटनास्थल पर चीख पुकार नहीं मची थी कमलेश की मौत पर परिजनों का इस तरह से व्यवहार तमाम सवाल खड़े कर रहा है।

### एसडीएम का ड्राइवर बन सकता है बड़े विवाद का कारण

**कौशाम्बी।** एसडीएम का ड्राइवर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ग्राम सभा की जमीन सहित लोगों की नंबरी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया ड्राइवर के कारनामे को लेकर जब लोगों ने इसका विरोध किया तो झूठे मुकदमें में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दे रहा है। काजीपुर गांव निवासी राजेश कुमार मौर्य पुत्र शिव सहाय ने उपजिलाधिकारी चायल को शिकायती पत्र देकर बताया कि काशिया पूर्व में स्थित आराजी संख्या 55 का बैनामा कराया है जिस पर शिकायत कर्ता कई वर्षों से दाखिल वा काबिज है उसके बावजूद कंधई लाल पाल पुत्र मैकू लाल पेशे से एसडीएम का ड्राइवर होने के नाते कशिया पूर्व स्थित ग्राम सभा की जमीन आराजी संख्या 53 व 54 पर कब्जा कर मकान बना लिया है और आराजी संख्या 55 में दरवाजा लगाकर कर कब्जा कर लिया है जिसके कारण पैमाइस कराने पर मौके से जमीन कम पड़ गई है और आपस में सभी हिस्सेदार विवाद कर रहे हैं जिसके कारण बड़ा विवाद उत्पन्न हो सकता है। शिकायत कर्ता ने उपजिलाधिकारी चायल को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया। शिकायती पत्र पाकर उपजिलाधिकारी चायल ने जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# भीख मांगते मासूम बाल अधिकार संरक्षण बना छलावा

### दो जून की रोटी के लिए छोटे- छोटे मासूम बच्चे सड़को पर भीख मांग कर परिवार का कर रहे हैं गुजारा



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पढ़ने - लिखने की उम्र में जिले भर में कई जगहों पर दर्जनों की झुंड में भीख मांगते हुए मासूम बच्चे सार्वजनिक स्थानों पर दिखाई देते हैं। जिले में अधिकारी बाल अधिकार संरक्षण की बडी- बडी बात कर रहे हैं लेकीन इसकी हकीकत कुछ और ही है। करारी चौराहा सहित जनपद के भीड़ - भाड़ वाली जगहों पर यदि घूमकर देख लिया जाए तो बाल संरक्षण अधिकार की बात करने वालों की पोल खुल जाएगी। सुबह होते ही दो जून की रोटी के लिए छोटे - छोटे मासूम बच्चे सड़को पर भीख मांग कर परिवार का गुजारा कर रहे हैं। तमाम चौराहों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर छोटे - छोटे मासूम बच्चे भीख मांगते हुए दिखाई देते हैं। करारी जैसे व्यस्ततम चौराहों पर कई मासूम छोटे-छोटे बच्चे सुबह से देर शाम तक भीख मांगते दिखाई पड़ते हैं लेकिन बाल अधिकार की बड़ी-बड़ी बात करने वाले अधिकारी इस मामले से अनजान बनने का प्रयास करते हैं खुलेआम बाल अधिकार संरक्षण की धज्जियां जिले में उड़ रही है और योजना से जुड़े अधिकारी कार्यालयों में बैठकर बाल अधिकार संरक्षण की बड़ी-बड़ी झूठी रिपोर्ट भेज कर शासन को गुमराह कर रहे हैं। आखिर बाल अधिकार संरक्षण की बात करने वाले शासन सत्ता के लोग कहां गहरी निद्रा में सोए हुए हैं और उन्हें भीख मांगते हुए बच्चे नहीं दिखाई देते। करारी चौराहे के पास सुबह होते ही भीख मांग रहे बच्चो को यदि कोई व्यक्ति खाने - पीने की चीज देता है तो वे नहीं लेते सिर्फ पैसा लेते हैं आखिर इसके पीछे की वजह क्या है जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि इनके माता-पिता घर में दारु पीकर नशे में धुत होकर पड़े रहते हैं और बच्चों को भीख मांगने के लिए विवश करते हैं। कई दफा स्थानीय लोगों ने भीख मांगने वाले मासूम बच्चों से नाम पता पूछने की कोशिश की गई तो नाम पता ना बताने के लिए वहां से भाग निकलते हैं। करारी चौराहा के स्थानीय लोगों ने पढ़ने - लिखने की उम्र में भीख मांगने वाले बच्चों को चिन्हित कर उनके माता-पिता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग जिम्मेदार अधिकारियों से कर रहे हैं जिससे कि भविष्य में ऐसा नजारा देखने को ना मिले।

## न्यूज झरोखा

### करंट की चपेट में आने से किसान की भैंस की हुई मौत



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के डकसरीरा गांव के किसान विजय कुमार पुत्र राम अभिलाष 29 जून को भैंस को अपने घर ला रहे थे 29 जून को पानी की बरसात हुई थी बिजली के खंभे के पास लगी अर्थिंग के तार में भैंस चपेट में आ गई बिजली के खंभे के अर्थिंग में खंभे से करंट उतर रहा था जिससे भैंस विद्युत करंट की चपेट में आ गई और भैंस की तड़प कर मौत हो गई है मामले की सूचना पशु चिकित्सकों को दी गई चिकित्सकों ने मृत भैंस का पोस्टमार्टम भी किया किसान विजय कुमार ने बताया कि भैंस की कीमत लगभग 90 हजार रुपए थी मामले की सूचना किसान ने थाना पुलिस और राजस्व कर्मियों को दिया है लेकिन मामले में मुकदमा पुलिस ने नहीं दर्ज किया है विद्युत विभाग की लापरवाही से खंभे में विद्युत करंट उतर आया था जिससे भैंस की मौत हुई है मामले को लेकर अभी तक राजस्व लेखपाल ने भी जांच पड़ताल कर किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए रिपोर्ट नहीं लगाई है वहीं विद्युत विभाग की लापरवाही से भैंस की मौत को लेकर विद्युत अधिकारियों ने भी किसान को राहत राशि देने का प्रयास नहीं किया है जिससे किसान में आक्रोश व्याप्त है।

### जमीन मुक्त कराने को अधिकारियों के चककर लगा रही महिला

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पभोषा गांव के मजरा बकसी का पूरा निवासी महिला सावित्री देवी पत्नी संत लाल उर्फ मोहनलाल बीते कई महीनों से अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर विरोधियों पर आरोप लगा रही हैं कि विरोधियों ने उसकी जमीन जबरिया कब्जा कर लिया है पीड़ित महिला का आरोप है कि छोटी-छोटी बात पर विरोधी आए दिन गाली गलौज और मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं दबंगों से पीड़ित महिला कई बार अधिकारियों को शिकायती पत्र दे कर फरियास कर चुकी है पूर्व में महिला ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसकी सरसों की फसल को दबंग नष्ट करके ट्रैक्टर से जोतवा का अवैध रूप से खेतों में कब्जा कर लिया है पीड़ित महिला को आशंका है कि उसके पति को उसके देवर ने अपने कब्जे में कर लिया है और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं पीड़ित महिला ने फिर अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### दष्कर्म के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को सजा दिलाई गई थाना कोखराज पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट के मुकदमे का अभियुक्त बुधराम पटेल उर्फ ताऊ पुत्र भुल्लू पटेल निवासी निधियावा थाना कोखराज को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट द्वारा अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व 80 हजार का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 3 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को सजा दिलाई गई थाना पिपरी पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट के मुकदमा के अभियुक्त प्रमोद कुमार पाल पुत्र छोटे लाल निवासी व थाना पिपरी को न्यायालय एडीजे-7/ स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट द्वारा अभियुक्त को 03 वर्ष कारावास व 1000 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न अदा करने पर 01 माह के अतरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

### ट्रेन के आगे कूद कर युवक ने दी जान

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** थाना कोखराज के चौकी टेडीमोड शहजादपुर के अंतर्गत निधियावां गांव के सामने रेलवे लाइन पर आ रही ट्रेन के आगे गिरधारपुर ग्राम निवासी अम्बे लाल पुत्र रामविशाल ने कूद कर आत्म हत्या कर ली।सूत्रों से जानकारी मिली है कि अम्बे लाल आर्थिक स्थिति से तंग आ कर ट्रेन के आगे कूद कर आत्म हत्या की है। ग्रामीणों की सूचना पर शहजादपुर चौकी इंचार्ज अपने हमराहियो के साथ तुरंत मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल है।

# डीएम एवं एसपी ने तहसील चायल में सुनी जन समस्याएं

### 72 शिकायतो में 09 शिकायतों का मौके पर ही किया गया निस्तारण, डीएम एवं एसपी ने तहसील परिसर में किया वृक्षारोपण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आज जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने तहसील चायल में जनसमस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें उन्होनें राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शेर सिंह एवं किशन लाल निवासी वार्ड नं0-03 गॉधी नगर नगर पंचायत चायल द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनकी भूमिधरी पर जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है इसी प्रकार शिकायतकर्ता लल्लू निवासी ग्राम-छोटा लालपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि चकबन्दी के समय बंजर भूमि आराजी संख्या-85 को गलत तरीके से कब्रिस्तान घोषित कर दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसओसी को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें शिकायतकर्ता राजीव नागर निवासी-97 चकनिरातुल चौफटका ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमिधरी आराजी संख्या-676 पर एक व्यक्ति द्वारा दबंगई कर निर्माण कराया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चायल मनीष यादव क्षेत्राधिकारी चायल श्यामकान्त सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर में वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर तथा पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण कर जनपदवासियां को भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के प्रति प्रेरित किया है।



वृक्षारोपण करते डीएम एसपी



तहसील दिवस में शिकायत सुनते डीएम एसपी उपस्थित शिकायतकर्ता

# जनमानस को परेशानी में डाल दबंग ठेकेदार सड़क पर लगवा रहा है बकरा बाजार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल नगर पंचायत द्वारा सप्ताह में दो दिन बकरा बाजार लगवाया जाता है।जिसके लिए सराय अकिल पावरहाउस चौराहा के पास जमीन उपलब्ध कराई गई है।लेकिन बाजार की वसूली करने वाला दबंग ठेकेदार बाजार को सड़क पर लगवाता है और आमजन मानस को परेशानी में डालता है।चौराहा के समीप दो विद्यालय है जहाँ छोटे छोटे बच्चें पढ़ने के लिए आते है।सड़क पर बाजार लगने के कारण मोहल्ले वालों को तथा आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।यहाँ तक कि कभी कभी विवाद हो जाता है।दुकानदार भी सड़क पर अपना ठेला बीच बाजार में खड़ा करने का प्रयास करता है।बकरा लादने वाले वाहन भी बाजार के अंदर खड़ी कर उसमें चारो तरफ बकरा बांध देते है।

### स्कूली बच्चों को आने जाने में होती है परेशानी



सड़क पर लगी बकरा बाजार की भीड़

**दुर्घटना को दावत देता है बकरा बाजार :** सराय अकिल के बकरा बाजार के कारण सड़क पर बेढंगे तरीके से वाहन खड़ा कर देते है जो कि किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकता है सवाल यह उठता है कि वसूली बन्द होने के बावजूद बाजार की वसूली किसके कहने पर होती है।क्या वसूली जायज है देखना है कि नगरपंचायत बाजार के लिये कुछ कार्यवाही करता है या फिर आम जनता को कुछ करने के लिये मजबूर कर रहा है।

### दबंगों ने खाद के गड्ढे पर किया कब्जा

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावां में किसानों के पशुओं के गोबर से खाद बनाने के लिए सरकार ने राजस्व अभिलेखों में आराजी संख्या 102 और 124 खाद गड्ढे के लिए सुरक्षित किया है लेकिन पूर्व ग्राम प्रधान के कार्यकाल में उनके सहयोगियों ने खाद के गड्ढे पर कब्जा कर लिया है और पक्के घरों का निर्माण करा लिया है इस मामले में तत्कालीन भू प्रबंधन समिति के जिम्मेदारों की भूमिका सवालों के घेरे में है एक तरफ सरकार जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा योजना का प्रचार प्रसार कर लाखों की रकम खर्च कर रही है रासायनिक खाद कौ नुकसानदायक बताते हुए सरकार और उनके अधिकारी रासायनिक खाद का प्रयोग न करने की किसानों को सलाह दे रहे है रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम करने की सलाह देने के लिए अधिकारियों द्वारा गोष्ठी में तमाम रकम खर्च की जा रही है किसान सब अधिकारियों की सलाह को मान रहे हैं तो उन्हें जैविक उर्वरक खाद तैयार करना होगा लेकिन भू प्रबंधन समिति की सांठगांठ लापरवाही से खाद के गड्ढे पर गांव में कब्जे हो रहे हैं खाद के गड्ढों में कब्जा होने का यह मामला अकेले बारियावा ग्राम पंचायत का नहीं है पूरे जिले के गांव क्षेत्र में खाद के गड्ढों में कब्जे हो चुके हैं और भू प्रबंधन समिति के जिम्मेदार तमाशबीन बने हैं अब सवाल उठता है कि किसान पशुओं के गोबर कहां एकत्रित करे और किसान जैविक उर्वरक खाद कैसे तैयार करेंगे ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया लेकिन राजस्व लेखपाल की सांठगांठ और पूर्व ग्राम प्रधान के दबाव के चलते खाद के गड्ढे पर बने घर पर बुलडोजर नहीं चल सके हैं योगी सरकार में छोटे-छोटे मामले में बुलडोजर चलाने के बात करने वाले अधिकारी खाद के गड्ढे पर बने घर पर बुलडोजर नहीं चला सके हैं किसानों ने खाद के गड्ढे पर बने घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

### मिली जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के टेवा चौकी अंतर्गत भरसवा गांव निवासी अनुसूचित जाति के व्यक्ति को कुछ दबंग किस्म के लोगों ने गांव छोड़कर भाग जाने की नसीहत दी है और ऐसा ना करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। दबंगों की धमकी से डरा सहमा व्यक्ति टेवा चौकी पहुंचकर दबंगों के खिलाफ लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक भरसवा गांव निवासी नथन सरोज पुत्र दिलदार सरोज कुछ वर्ष पहले जितेंद्र प्रसाद के परिवारिक हिस्सा एक जमीन खरीदी है और उस जमीन के कुछ हिस्से पर नथन सरोज घर बना लिया है और कुछ हिस्सा अभी शेष बाकी है। जितेंद्र प्रसाद ने नथन सरोज को बटाई पर खेत दिया है फसल उगाने के लिए और जब भी नथन अपनी पत्नी के साथ खेत की तरफ जाता है तो जितेंद्र प्रसाद के परिवारिक लोग शैलेंद्र, सौरभ एवं उसकी पत्नी सहित अन्य लोग नथन सरोज को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली - गलौज करते हैं और उसकी पत्नी के साथ अश्लील हरकत करते हैं और गांव छोड़कर भाग जाने के लिए विवश भी कर रहे हैं।

# मदरसों से निकली आतंकी सोच है कन्हैया लाल की हत्यारी : अवधेश नारायण शुक्ला

अखंड भारत संदेश

### हिंदू जागरण मंच ने जिला मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा, हत्यारे साजिशकताओं को फांसी देने की मांग



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हिंदू जागरण मंच के नेता

**कौशाम्बी।** उदयपुर में टेलर कन्हैया लाल साहू की गला काटकर हत्या का मामला ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा है शनिवार को हिंदू जागरण मंच के बैनर तले बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने आतंक विरोधी नारे लगाते हुए जिला मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि उदयपुर में सनातनी हिंदू कन्हैयालाल को उसके सिलाई के दुकान में घुस कर दो जेहादी आतंकियों ने उनकी हत्या कर दी थी। इस घटना में इसके पीछे भी कई लोग हैं। किस का अनावरण होना चाहिए इस तरह की घटनाओं के पीछे मदरसों में दी जा रही आतंक की शिक्षा है। इस मौके पर दिए गए 5 सूत्रीय ज्ञापन में संगठन ने मांग उठाते हुए कहा कि उदयपुर में कन्हैयालाल के हत्या में शामिल दोनों जेहादी आतंकियों तथा इस घटना के पीछे साजिश रचने में सभी जिहादी आतंकियों को फांसी की सजा दी जाए। संगठन ने दूसरी मांग रखी कि पूरे भारत में संचालित मदरसों में आतंकवाद की शिक्षा दी जा रही है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण यह है कि पकड़े गए हर आतंकी किस प्राथमिक शिक्षा मदरसों से ही होती रही है। ऐसे में जरूरी है कि पूरे भारत में इन मदरसों में मिल रहे शिक्षा को रोका जाए अथवा यहां पर नियमित जांच चौकी स्थापित की जाए। यहां पर दी जा रही शिक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए जिससे बच्चों को आतंक की शिक्षा देने से रोका जा सके। इस मौके पर उन्होंने मांग किया कि विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने ₹गुस्ताखी नबी की एक सजा सर तन से जुदा₹ का नारा दिया जो कि किसी की भी हत्या की उसकाने का साजिश है। ऐसे में इस तरह के नारा देने वाले सभी अपराधियों के खिलाफ हत्या की धमकी देने का मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए। जिले में विभिन्न स्थानों में ईसाई व मुसलमानों के द्वारा धर्मांतरण सभाएं चलाई जा रही हैं। जिसकी शिकायत के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इनके ऊपर सहानुभूति रखते हुए कार्रवाई नहीं की जा रही है। जो कि अपराध की श्रेणी में आता इस पर कठोर कार्रवाई करते हुए इन धर्मांतरण सभाओं में शामिल विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ भी जांच की मांग संगठन ने अपने ज्ञापन में उठाई। भारत में हिंदू समाज को कमजोर करने के लिए लव जिहाद के जरिए हिंदू बेटियों का धर्मांतरण कराने की साजिश की जा रही है। हिंदू जागरण मंच ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि इस विषय में एक कानून पारित करने की कृपा करें जिससे लव जिहाद को रोका जा सके। ज्ञापन में अपनी मांग रखते हुए उन्होंने कहा कि मांग की जाती है कि पूरे विश्व में मुस्लिम व ईसाई राष्ट्र हैं लेकिन हिंदू राष्ट्र नहीं हैं। जिससे विश्व में हिंदू सनातन को मानने वालों को संरक्षित किया जा सके ऐसे में जरूरी है कि जो कि भारत में सर्वाधिक आबादी हिंदुओं की है और यह एकमात्र ऐसा देश है जहां बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग रहते हैं। अतः वह आपसे मांग की जाती है हिंदू सनातन समाज को संरक्षित करने के लिए एक कानून पारित किया जा सके इससे भारत में हिंदुओं को सुरक्षित व संरक्षित किया जा सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिखर मिश्रा, रजत पाण्डेय, अनुराग मिश्रा, गोपी शाक्य, अंगद सिंह, मोनू यदुवंशी, सनी कुमार, हर्षित मिश्रा, बलवीर सिंह, ज्ञानेंद्र साहू, अनिल तिवारी, कमलेश यादव, अनिल सेन, अनुज दुबे, बलराम सरोज, अंकुश मिश्रा, राजकरन पांडेय, पीयूष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संपादकीय

# नीति और नीयत साफ हो तो काम दमदार

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ लगभग अपनी सभी सभाओं में कहा करते हैं कि मजबूत इच्छाशक्ति हो, नीति और नीयत साफ हो तो काम दमदार होता है और यह अभिकथन उत्तर प्रदेश में यथार्थ बनता नजर आ रहा है। अब यह प्रश्न प्रदेश नहीं, समाधान प्रदेश बनकर उभर रहा है। उत्तर प्रदेश के उत्तम प्रदेश में तब्दील होने की इस यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके सहयोगी मंत्रियों का श्रम नजर आता है। जब से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है, तब से आज तक बिना रुके, बिना थके और बिना झुके उन्होंने उत्तर प्रदेश के विकास रथ को अनवरत आगे बढ़ाया है। उनकी सोच रही है कि हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज तो होना ही चाहिए जिससे संबंधित जिले के लोगों को इलाज के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े और यह कहने में शायद ही किसी को गुरेज हो कि उत्तर प्रदेश के हर 75 जिले में एक चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण हो रहा है। 58 जिलों में मेडिकल कॉलेज पहले ही बन चुके हैं। इस सरकार ने जहां प्रदेश के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खोले हैं, वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में वे अन्य राज्यों के छात्रों से पीछे न रह जाएं। इसलिए हर जिले में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग की भी व्यवस्था की है। इसके लिए राज्य सरकार के बजट में भी भारी भरकम धनराशि की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ उत्तर प्रदेश राज्य आयुष विश्वविद्यालय खोलकर जहां उन्होंने भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धति को जीवंतता प्रदान की है, वहीं सैनिक स्कूल एवं गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय की स्थापना कर पूर्वांचल को बड़ा शैक्षिक उपहार भी दिया है। आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना को भी कमोवेश इसी आलोक में देखा-समझा जा सकता है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में उच्चस्तरीय लैब एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट खोलकर जहां उन्होंने पूर्वांचल की स्वास्थ्य चिंताओं का समाधान किया है, वहीं कोविडकाल में हर जिले के अस्पतालों को विशेष चिकित्सा सुविधाओं से जोड़ने, उन्हें आधुनिक बनाने और उन्हें विस्तार देने का काम भी युद्धस्तर पर किया है। गोरखपुर खाद कारखाना का पुनर्संचालन एवं विस्तारीकरण कर जहां उन्होंने किसानों की खाद की समस्या का समाधान किया है, वहीं बेरोजगारों के लिए भी रोजगार की बड़ी संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने पूर्वांचल की सभी नदियों के तटबंध जहां पक्के कराए हैं। बांधों की स्थापना की। उनके कार्यकाल में ही केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयास से 40 वर्षों से लंबित सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना पूर्णता को प्राप्त हुई। इससे पूर्वांचल के 12 जिलों के किसानों को भरपूर लाभ मिल रहा है। कहना न होगा कि ऐसा होने से वहां की जमीन की उत्पादन क्षमता अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। मुंडेरवा और पिपराइच की चीनी मिलों का जहां पुनर्संचालन किया गया, वहीं उत्तर प्रदेश के सभी चीनी मिलों का आधुनिकीकरण और विस्तार किया गया। योगी सरकार को पता है कि किसी भी प्रदेश के विकास का दरवाजा खोलने के लिए बेहतर परिवहन व्यवस्था जरूरी होती है। सड़कें अच्छी हों तो व्यापार और व्यवहार दोनों ही में व्यापक सुधार होता है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण जनसरोकारों के प्रति उनकी गंभीरता को रेखांकित करता है।

# कौशलता विकास में मातृभाषा मंत्र जरूरी

भारत की सांस्कृतिक विरासत हजारों वर्ष पूर्व की है, जिसे सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया जा रहा है जो काबिले तारीफ है!! परंतु बीते कुछ दशकों से हम देख रहे हैं खासकर वर्तमान पीढ़ी में युवा और बच्चे इस हमारी सांस्कृतिक धरोहर, मूल्यों, सभ्यता,मातृभाषा हस्तशिल्पी, कौशलता, बौद्धिक कौशलता और उसकी क्षमता उदय करने के उच्चतम गुणों, मानकों, पौराणिक प्रथाओं को किनारे लगाने की ओर कदम आगे बढ़ा रहे हैं जो आने वाली पीढ़ियों के समय विलुप्तता के कगार पर होगी जिसे रेखांकित करना जरूरी है, इसलिए आज हम इन धरोहरों में से मातृभाषा रूपी विरासत की चर्चा हम इस आर्टिकल के माध्यम से करेंगे। साथियों बात अगर हम मातृभाषा की करें तो भारत एक एकता में अनेकता वाला खूबसूरत देश है जहां संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त बावीस भाषाएं हैं परंतु उससे परे सैकड़ों अन्य भाषाएं और हजारों उपभाषाएं प्रचलन में है जिसे आधुनिक प्रौद्योगिकी युग और पाश्चात्य संस्कृति के प्रकोप के चलते हम अंग्रेजी और राजभाषा हिंदी की ओर अग्रसर हैं हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर दोनों भाषाएं महत्वपूर्ण और मूल्यवान हैं परंतु मेरा मानना है कि कोई व्यक्ति जितनी जल्दी कोई कौशलता ज्ञान, माननीय गुण, ज्ञान, तकनी की मंत्र, शिक्षा अपनी मातृभाषा में समझ सकता है उतनी जल्दी अन्य भाषा में नहीं समझ सकता! इसलिए ही कौशलता विकास का त्वरित लाभकारी परिणाम पाने क्षमता उदय करने, मातृभाषा में शिक्षा एक मजबूत नीव प्रदान करती है और रटनें वाले जमाने का अंत हो गया है।अब मातृभाषा के माध्यम से सबसे अच्छे कौशल मंत्रसे नवाचार करने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बातों ग्राम शिक्षा में मातृभाषा के उपयोग की करें तो मेरा मानना है कि हमारी शिक्षा प्रणाली में कम से कम स्कूली शिक्षा तक सरकारी और निजी विद्यालयों में पढ़ाई के माध्यम में मातृभाषा का उपयोग अनिवार्य होना चाहिए, क्योंकि छात्र स्कूलके अलावा बाकी समय अपने घर परिवार समाज में व्यतीत करते हैं जहां मातृभाषा का प्रचलन होता है इसलिए स्कूल स्तरपर शिक्षा व कौशलता को मातृभाषा में समझाने पर कई गुना तीव्रता से क्षमता उदय होती है और रटनें वाली पढ़ाई के युग का अंत होता है।

# प्रधानमंत्री मोदी की अरब यात्रा का संदेश

**कुछ** दिन पहले एक विवादित बयान पर करीब एक दर्जन इस्लामी देशों ने आपत्ति दर्ज की थी। लेकिन भारत सरकार के जवाब पर उन्होंने विश्वास व्यक्त किया। इसके बाद उन देशों ने अपने यहां प्रदर्शन करने वालों पर कठोरता से नकेल कसी। कुवैत सहित कई मुल्कों ने उपद्रव करने वाले विदेशियों का तत्काल वीजा निरस्त कर दिया था। इस प्रकार उन्होंने चंद लम्हों में ही इस समस्या का समाधान कर लिया था। भारत में सेक्युलरिज्म की दुहाई देने वाली सरकारों के लिए यह एक सबक था। लेकिन इन्होंने अपनी वोटबैंक सियासत को छोड़ना मुनासिब नहीं समझा। इसलिए अभी तक इन राज्यों में तनाव बना हुआ है। वैसे इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा बहुत महत्वपूर्ण रही। इसका सकारात्मक संदेश सभी अरब देशों तक पहुंचा है। नरेन्द्र मोदी को अपने मुल्क का सर्वोच्च सम्मान देने वाले मुस्लिम देश संतुष्ट हैं। क्योंकि उन्होंने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास नीति पर अमल करने वाले दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता का सम्मान किया था। भारत की कथित सेक्युलर पार्टियां इस तथ्य को समझ नहीं सकतीं। नरेंद्र मोदी की जर्मनी यात्रा का कार्यक्रम कई महीने पहले बना था। उनको वहां के चांसलर ने जी 7 शिखर सम्मेलन में सहभागी होने के लिए आमंत्रित किया था। उस समय जर्मनी से लौटते समय उनका संयुक्त अरब अमीरात में रुकने का कार्यक्रम नहीं था। पिछले महीने वहां के राष्ट्रपति का निधन हो गया। नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली और विदेश नीति का अपना अनोखा अंदाज है। उन्होंने जर्मनी से लौटते समय संयुक्त अरब अमीरात में रुकने का कार्यक्रम बनाया। इसी प्रकार पिछले कार्यकाल में विदेश यात्रा से लौटते समय वह तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। नवाज शरीफ ने उनको विशेष रूप से आमंत्रित किया था। इस प्रकार नरेन्द्र मोदी विदेश नीति में राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च मानते हुए कार्य करते हैं। पाकिस्तान में नवाज शरीफ की सरकार रहती तो दोनों देशों के बीच संबंध समान्य हो सकते थे। संयुक्त अरब अमीरात में मोदी का स्वागत बड़ी भावुकता के साथ किया गया। वहां नरेन्द्र मोदी की यात्रा को बहुत महत्व दिया गया। उनकी यात्रा का कोई राजनयिक, राजनीतिक और अर्थिक मुद्दा नहीं था। वह पूर्व राष्ट्रपति के प्रति भारत की संवेदना प्रकट करने गए थे।



**यदि दुनिया में शांति, सौहार्द कायम करना है, मानवता को सुरक्षित रखना है तो आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति बनानी होगी। इसमें सभी देशों का सहयोग अपरिहार्य है। क्योंकि आतंकवाद अब किसी एक क्षेत्र की समस्या नहीं है। आतंकवाद सारी दुनिया के लिए खतरा है। उसे पनाह देना और फंडिंग को बंद करना चाहिए। आतंकवाद और आतंकी तौर तरीकों का विस्तार हो रहा है। राजस्थान की घटना इसका प्रमाण है। आतंकवाद दुनिया के लिए खतरा बन चुका है। उसे संरक्षण और वित्तीय सहायता देने वालों पर कड़ाई से रोक लगानी होगी।**

उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के पूर्व राष्ट्रपति और अबू धाबी शासक शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर शोक व्यक्त किया। हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत पूर्व राष्ट्रपति के भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने किया। इसे स्पेशल गेस्चर कहा गया। इतना ही नहीं शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ शाही परिवार के अन्य सदस्य भी मोदी से मिलने और बातचीत करने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे। नरेन्द्र मोदी ने पिछले कार्यकाल में ही इजरायल और अरब देशों के साथ संबंध बेहतर बनाने पर ध्यान दिया था। यह नीति कारगर साबित हुई। मोदी के सौर ऊर्जा प्रस्ताव को भी अरब देशों का समर्थन मिला था। इसी प्रकार संयुक्त राष्ट्र संघ में मोदी के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को अरब देशों ने भी स्वीकार किया था। इस दिन वहां भी बड़े पैमाने पर योग के कार्यक्रम होते हैं। इन्हीं मुस्लिम देशों ने इकहत्तर के युद्ध में पाकिस्तान को खुला समर्थन दिया था। कुछ देशों ने कहा था कि पाकिस्तान, भारत के खिलाफ एक हजार वर्ष तक लड़ेगा तब भी उसे समर्थन मिलता रहेगा। मोदी की मध्यपूर्व नीति की बड़ी सफलता यह भी है कि उन्होंने अरब मुल्कों और इजरायल के साथ दोस्ती को मजबूत किया। इसके पहले कांग्रेस की सरकारों में इजरायल से दोस्ती को लेकर बड़ा संकोच था। उन्हें लगता था कि इजरायल के साथ दोस्ती मुस्लिम देशों को नाराज कर देगी। मोदी ने साहस दिखाया। अरब और इजरायल दोनों से संबन्ध बेहतर बनाकर दिखा दिया। इस नीति का परिणाम था कि करीब तीन वर्ष पूर्व भारत को इस्लामिक सहयोग संगठन के सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था। तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस्लामिक सहयोग संगठन अर्थात ओआईसी का गठन उन्नीस सौ उनहत्तर में किया गया था। सत्तावन मुल्क इसके सदस्य हैं। भारत ने सदैव विश्व शांति और मानवता की बात कही है। आतंकवाद ने इन दोनों के सामने चुनौती पेश की है। यदि दुनिया में शांति, सौहार्द कायम करना है, मानवता को सुरक्षित रखना है तो आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति बनानी होगी। इसमें सभी देशों का सहयोग अपरिहार्य है। क्योंकि आतंकवाद अब किसी एक क्षेत्र की समस्या नहीं है। आतंकवाद सारी दुनिया के लिए खतरा है। उसे पनाह देना और फंडिंग को बंद करना चाहिए। आतंकवाद और आतंकी तौर तरीकों का विस्तार हो रहा है। राजस्थान की घटना इसका प्रमाण है। आतंकवाद दुनिया के लिए खतरा बन चुका है। उसे संरक्षण और वित्तीय सहायता देने वालों पर कड़ाई से रोक लगानी होगी। ओआईसी के सदस्य देश इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन देशों पर दबाव बनाया जाए जो इसका समर्थन करते हैं और इसे फंडिंग करते हैं। ऐसे देशों से कहना चाहिए कि वह आतंकवादी ढांचे को खत्म करे। भारत ज्ञान का भंडार, शांति का दूत और आस्था व परम्पराओं का स्त्रोत रहा है। बहुत-से धर्मों का घर रहा है। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक है। ओआईसी की स्थापना के समय इसका उद्देश्य बताया गया था कि इसमें अंतरराष्ट्रीय शांति और सद्भावना को बढ़ावा देने की बात कही गई थी। आतंकवाद शांति और सद्भावना को कमजोर कर रहा है। ऐसे में ओआईसी को विचार करना होगा कि वह अपने इस उद्देश्य में कितना सफल हो रहा है। जबकि समस्या उसी का एक संस्थापक देश बढ़ा रहा है। पचास वर्ष पहले इसके सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल फखरुद्दीन अली अहमद के नेतृत्व में गया था। लेकिन पाकिस्तान ने विरोध किया, इसके कारण भारतीय प्रतिनिधिमंडल को वहां प्रवेश तक नहीं मिला। उसे लौटना पड़ा था। नरेन्द्र मोदी की यूएई राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल से वार्ता भी हुई। भारत यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख तहनौ बिन जायद अल नाहयान,उप प्रधानमंत्री शेख मंसूर बिन जायद अल नाहयान,अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के एमडी शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान, विदेश मामलों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। मोदी ने अल नाहयान को संयुक्त अरब अमीरात के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने और अबू धाबी के शासक बनने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को विशेष रूप से कोविड महामारी के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में पैंतीस लाख भारतीय समुदाय की देखभाल करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने शेख नाहयान को भारत आने के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। 2015 में प्रधानमंत्री की यूएई की पिछली यात्रा के दौरान एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी के साथ और प्रगाढ़ हो गए। फरवरी 2018 में प्रधानमंत्री ने विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस, महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान फरवरी 2016 में भारत और फिर जनवरी, 2017 के दौरान गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत आए थे। 2019 में अबू धाबी की यात्रा पर आए थे। तब दोनों देशों के बीच पारस्परिक हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों विचार-विमर्श किया गया था। वहां नरेन्द्र मोदी को संयुक्त अरब अमीरात का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया गया था। इससे पहले मोदी अगस्त 2019 में संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर गए थे।

इस यात्रा में उन्हें यूएई के राष्ट्रपति की ओर से यूएई का सर्वोच्च पुरस्कार दिया गया था।

# भारतीय लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं

**संजीव ठाकुर**

**हिंसा**,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक काले धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं' देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है।

पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे।

पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

# देश में हिंसक होते युवा आंदोलन

**सत्यवान 'सौरभ'**

गोल्डस्टोन ने लिखा है, "युवाओं ने पूरे इतिहास में राजनीतिक हिंसा में एक प्रमुख भूमिका निभाई है," और एक युवा उभार कुल वयस्क आबादी के सापेक्ष 15 से 24 युवाओं का असामान्य रूप से राजनीतिक संकट से ऐतिहासिक रूप से जुड़ा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में, युवा हिंसा के कारण जान-माल के नुकसान की घटनाओं में वृद्धि हुई है - चाहे वह वर्तमान अग्निपथ योजना से जुड़ा मुद्दा हो, झारखंड में बच्चे के अपहरण की अफवाह हो, यूपी और राजस्थान में गौरक्षकों द्वारा, कश्मीर में हिंसक भीड़ द्वारा या आरक्षण को लेकर हो। हरियाणा में जाट भीड़ की हिंसा को राज्य द्वारा जिम्मेदारी के विस्थापन के प्रतिबिंब के रूप में देखा जा सकता है, जो लोगों को कानून को अपने हाथों में लेने के लिए दोषी ठहराता है, और जो राज्य की निष्क्रियता पर अपने कार्यों को सही ठहराते हैं। आर्थिक संघर्ष कहीं न कहीं इस तरह की युवा हिंसा के पीछे एक बड़ी वजह है, भारत के राजनीतिक परिदृश्य में देखें तो जातीय-धार्मिक उग्रवाद, संगठित अपराध और यौन हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इस पर थोड़ा गौर करने की जरूरत है कि आखिर संघर्ष की वजह क्या है? विश्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि 15-24 आयु वर्ग के चार भारतीयों में से एक से भी कम श्रम बल का हिस्सा होते हैं और नौकरी के इच्छुक करीब 25 प्रतिशत युवाओं को कोई काम नहीं मिल रहा है। दशकों से स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है, खासकर एक ऐसे देश में जहां आधी से अधिक आबादी 25 से कम उम्र की है। भारत को हर महीने एक लाख रोजगार पैदा करने की जरूरत है जबकि इसकी अर्थव्यवस्था कभी भी इस मांग को पूरा करने की स्थिति में नहीं आई। जैसा मानव विज्ञानी क्रेग जेफरी कहते हैं, ह्यजीवन में कुछ घटित होने का इंतजार करनाह्न ही अनेक युवा भारतीयों का एकमात्र काम रह गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेरित अफवाहें फैलती हैं जो एक गुमनाम बल गुणांक के रूप में कार्य करती हैं। भीड़ की हिंसा और सतर्कता इसलिए होती है क्योंकि अपराधी इससे बच निकलने की उम्मीद करते हैं। राज्य की प्रतिरोधक क्षमता को विश्वसनीय नहीं माना जाता है, खासकर जब हिंसा के दृश्य पर पुलिसकर्मियों को केवल स्टैंड के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। कानून और व्यवस्था की स्थिति का सामान्य क्षरण - सामाजिक अव्यवस्था के लिए अपर्याप्त प्रतिक्रिया, और सतर्क हत्याओं में शामिल लोगों पर आक्रामक रूप से मुकदमा चलाने में असमर्थ, भीड़ की हिंसा को और प्रोत्साहित करती है। ऐसी घटनाओं के मूक गवाह रहने वाले लोग भी उतने ही जिम्मेदार होते हैं जब वे क्रॉस फायर में फंसने के डर से ऐसी घटनाओं के प्रति अपनी अस्वीकृति व्यक्त करने से दूर रहते हैं। जब राज्यों में लिंचिंग की घटनाएं होती हैं तो न्याय की कमी होती है, इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह नहीं ठहराया जाता है। लोकतंत्र की विकृति है, जो लोगों को हिंसा पर पूर्ण एकाधिकार प्रदान करती है। भीड़ की हिंसा भारत में मौलिक अधिकारों में से एक "जीवन का अधिकार" (अनुच्छेद 21) में निहित गरिमापूर्ण और सार्थक अस्तित्व के अस्तित्व के लिए खतरा है। इसलिए, व्यापक पुलिस सुधार और कुशल आपराधिक न्याय वितरण प्रणाली की आवश्यकता है जो लोगों को न्याय के नाम पर भीड़ हिंसा का सहारा लेने से रोकती है। यहाँ तक कि जब राष्ट्र-राज्य युवाओं के नेतृत्व वाली हिंसा को कुचलने में सफल होते हैं, तो अनुभव से पता चलता है कि उन्हें नई भाषाएं मिलती हैं जिनमें खुद को अभिव्यक्त किया जा सकता है। ट्यूनीशिया को अरब वसंत के बाद लोकतांत्रिक सुधार के एक मॉडल के रूप में प्रतिष्ठित किया गया था, लेकिन यह इस्लामिक स्टेट के साथ-साथ यूरोप में अवैध प्रवासियों के लिए जिहादियों का सबसे बड़ा एकल प्रदाता साबित हुआ।

## भाजपा-शिवसेना सरकार, पूरी हुई महाराष्ट्र की दरकार

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है और शांति तथा मानवता को लेकर भारत ने अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो।

ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं।

# पंत के 146 रनों की बदौलत भारत पहले दिन 338/7

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड और भारत के बीच पांचवा (फिर से निर्धारित) टेस्ट मैच एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। बारिश के कारण दिन का खेल 84 ओवर का कर दिया गया। टीम इंडिया ने पहले दिन रिषभ पंत के 146 रनों की बदौलत सात विकेट खोकर 338 रन बना लिए हैं। क्रीज पर अभी भी जडेजा नाबाद अर्धशतक लगाकर बने हुए हैं।

बता दें कि यह मैच पिछले साल की पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा होगा जिसमें भारत 2-1 से आगे हैं। पांचवें टेस्ट को पिछले साल कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया था। यह मैच वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा है।



**पहला दिन**

शुभमन गिल 24 गेदों पर चार चौकों की मदद से 17 रन बनाकर जेम्स एंडरसन की गेंद पर जैक क्रॉली के हाथों कैच आउट हुए। एंडरसन की गेंद पर पुजारा ने क्रॉली को कैच थमा दिया और वह सस्ते में पवेलियन लौट गए। पुजारा 46 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 13 रन बनाकर आउट हुए। लंच के बाद जब मैच दोबारा शुरू हुआ तो टीम इंडिया ने हनुमा विहारी का भी विकेट गंवा लिया।

ऐसा लगा कि पंत के साथ मिलकर अच्छे टच में नजर आ रहे कोहली अच्छी पारी खेलेंगे लेकिन इंगलैंड के तेज गेंदबाज मैटी पॉट्स ने उन्हें 11 रन पर बोल्ड कर दिया। श्रेयस अय्यर को जेम्स एंडरसन ने बाऊंसर फेंककर खूब परेशान किया। उन्होंने आखिरकार श्रेयस को पवेलियन का रास्ता दिखाया। पंत ने जडेजा के साथ साझेदारी निभाते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। टी ब्रेक तक भारत ने पांच विकेट खोकर 174 रन बना लिए थे। टी ब्रेक के बाद भी पंत ने अपना स्वाभाविक खेल जारी रखा और 100+ की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने 89 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। साथ ही रविंद्र जडेजा अपना अर्धशतक बनाने में सफल रहे। शतक के बाद पंत ने तेजी से रन बनाए लेकिन इंगलैंड के स्पिनर जो रूट उनकी विकेट लेने में सफल रहे। पंत ने 111 गेंदों में 20 चौके और चार छक्कों की मदद से 146 रन बनाए। पंत का विकेट गिरते ही शार्दुल ठाकुर मैदान पर आए लेकिन वह एक ही रन बनाकर आऊट हो गए।

**पिच रिपोर्ट**

इस स्थल की पिच से गेंदबाजों के साथ-साथ बल्लेबाजों को भी समान समर्थन मिलने की उम्मीद है। पिछले तीन टेस्ट मैचों में इस स्थल पर औसत स्कोर 270 रहा है। टीम के पहले बल्लेबाजी करने या स्कोर का पीछा करने और खेल जीतने के मामले में यह काफी संतुलित परिणाम रहा है।

## फीडे कैंडीडेट्स शतरंज - अलीरेजा को हराकर नेपोमिन्सी खिताब के करीब

**मेड्रिड ,स्पेन ।** फीडे कैंडीडेट 2022 के ग्यारवें राउंड में सबसे आगे चल रहे रूस के यान नेपोमिन्सी नें फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देते हुए ना सिर्फ प्रतियोगिता में अपनी पाँचवीं जीत हासिल की बल्कि अब जब सिर्फ 3 राउंड का खेल बचा है 1.5 अंक की



बढ़त के साथ वह खिताब जीतने के बेहद करीब पहुँच गए है । काले मोहरो से खेल रहे नेपोमिन्सी नें सिसिलियन नजडोर्फ ओपनिंग में 35 चालों में शानदार जीत के साथ 8 अंको के साथ अपनी एकल बढ़त को बनाए रखा है । वहीं दिन का दूसरा बड़ा परिणाम हासिल किया चीन के डिंग लीरेन नें उन्होने यूएसए के फबियानों कारुआना को पराजित करते हुए अब 6.5 अंको के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है । 11वे राउंड में अन्य दो मुकाबलों में यूएसए के हिकारु नाकामुरा नें हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट से तो अजरबैजान के तैमूर रद्जाबोव नें पोलैंड के यान डूड़ा से बाजी ड्रॉ खेली । अन्य खिलाड़ियों में नाकामुरा 6 अंक के साथ तीसरे ,5.5 अंक के साथ कारुआना चौंथे स्थान पर चल रहे है।

## ताई जू यिंग से हारकर पीवी सिंधू मलेशिया ओपन से बाहर

**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में गत चैम्पियन चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से हारकर बाहर हो गई। सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता दूसरी वरीयता प्राप्त यिंग के खिलाफ पहले गेम को जीतने के बाद लय बरकरार नहीं रख सकी और 21-13, 15-21, 13-21 से हार गई। इस जीत के बाद यिंग ने भारत की इस शीर्ष खिलाड़ी पर अपना दबदबा और मजबूत कर लिया। सिंधू लगातार छठे मैच में यिंग से हारी है। दोनों के जीत



हार का रिकॉर्ड भी 16-5 के बड़े अंतर से यिंग के पक्ष में है। सिंधु ने शुरुआती गेम में 2-5 से पिछड़ने के बाद लगातार 11 अंक हासिल कर शानदार वापसी की। चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद लंबी रैलियां खेलकर प्रतियोगिता में वापसी की कोशिश की लेकिन सिंधू ने उसे ज्यादा मौके नहीं दिए। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की लेकिन यिंग ने वापसी करते हुए ब्रेक तक अपनी बढ़त को 11-3 कर लिया। छोर बदलने के बदलने के बाद यिंग ने अपनी बढ़त को 14-3 कर ली, लेकिन सिंधू ने वापसी की और 17-15 के स्कोर के साथ विरोधी खिलाड़ी की बढ़त को दो अंक तक सीमित कर दिया।

यिंग ने हालांकि इसके बाद सिंधू को कोई मौका नहीं दिया और चार अंक जुटा कर मुकाबले को निर्णायक गेम में ले गई। तीसरे गेम की शुरुआत में दोनों के बीच 12 अंक के खेल तक करीबी मुकाबला हुआ लेकिन इसके बाद सिंधू ने लय गवां दी और यिंग ने सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ खिताब बचने की ओर कदम बढ़ा दिया।

## अब डब्लूडब्लूई में दिखाई देंगे बॉक्सर लोगन पॉल, 2023 तक के लिए अनुबंध किया

**उटाही।** लोकप्रिय बॉक्सर और यूट्यूब क्रिएटर लोगन पॉल ने डब्लूडब्लूई के साथ करार कर लिया है। अब वो आने वाले कई सालों तक डब्लूडब्लूई के अलग-अलग इवेंट में नजर आएंगे। प्रो फाइटर के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाले पॉल ने सुपरस्टार के रूप में डब्लूडब्लूई के साथ करार किया है। वो इससे पहले भी स्मैकडाउन और रेसलमानिया में नजर आ चुके हैं, लेकिन अब तक वो आधिकारिक रूप से डब्लूडब्लूई का हिस्सा नहीं थे।

27 साल के पॉल अब आने वाले कई सालों तक डब्लूडब्लूई से जुड़े रहेंगे और हर तरह के इवेंट में नजर आएंगे। डब्लूडब्लूई और लोगन पॉल दोनों ने सोशल मीडिया के जरिए इस अनुबंध के बारे में जानकारी दी। पॉल ने जो फोटो शेयर की है, उसमें उनके साथ ट्रिपल एच और स्टेफनी मैकमोहन भी नजर आ रही हैं।

## भारत के खिलाफ इंगलैंड की तगड़ी तैयारी, 34 साल के इस धाकड़ गेंदबाज को किया टीम में शामिल

**बर्मिंघम ।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने टेस्ट मैच के बाद भारत के खिलाफ होने वाली टी-20 और वनडे सीरीज के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। जोस बटलर को बीते दिनों ही ईसीसी ने सफेद गेंद का कप्तान बनाया था ऐसे में भारतीय टीम से निपटने के लिए उन्हें तगड़ी टीम दी गई है। इस टीम में एक 34 साल का खतरनाक गेंदबाज भी है जिससे भारतीय बल्लेबाजों को बचकर रहना होगा। यह गेंदबाज है- लंकाशायर का 34 वर्षीय तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन। ग्लीसन ने 27 वर्ष की उम्र में प्रथम श्रेणी में डेब्यू किया था। वह पीठ की चोट के कारण पिछले दो सीजन में ज्यादातर बाहर ही रहे। ईसीबी ने इसके बावजूद उनपर भरोसा जताया है।

ग्लीसन ने इस साल टी20 ब्लास्ट में लंकाशायर लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। उन्होंने 20 विकेट चटकाकर सबको हैरान कर दिया था। इंग्लैंड के पूर्णकालिक सीमित ओवरों के



कप्तान के रूप में जॉस बटलर की पहली टीम में ग्लीसन सबसे उल्लेखनीय चयन हैं। खास बात यह है कि एजबेस्टन में पांचवें टेस्ट में भारत के खिलाफ खेलने वाली इंग्लैंड की टीम का कोई भी खिलाड़ी टी20 अंतररष्ट्रीय सीरीज में शामिल नहीं है। हालांकि जॉनी बेयरस्टो, जो रूट और बेन स्टोक्स वनडे सीरीज में जरूर खेलेंगे। स्पिनर आदिल रशिद हज यात्रा करने गए हैं, जिसके कारण वह इस सीरीज में शामिल नहीं हो पाएंगे। उनकी जगह मैट पार्किंसन को मौका मिला है।

इंगलैंड की टीम स्टार प्लेयरों के चोटिल होने से जूझ रही है। क्रिस वोक्स, मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर, टॉम करन और साकिब महमूद चोटिल है ऐसे में इंगलैंड बोर्ड का परेशान होना लाजिमी है। वहीं, संन्यास लेने वाले इयोन मॉर्गन की जगह ईसीबी ने हैरी ब्रूक को टीम में जगह दी है। जो रूट की वनडे टीम में वापसी से डेविड मलान को अपनी जगह गंवानी पड़ी।

**इंग्लैंड की टी-20 टीम** :जॉस बटलर (कप्तान), मोईन अली, हैरी ब्रूक, सैम करन, रिचर्ड ग्लीसन, क्रिस जॉर्डन, लियम लिविंगस्टन, डाविड मलान, टिमाल मिल्स, मैथ्यू पार्किंसन, जेसन रॉय, फिलिप साल्ट, रीस टोपली, डेविड विली

**इंग्लैंड की वनडे टीम :** जॉस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम करन, लियम लिविंगस्टन, क्रेग ओवटर्न, मैथ्यू पार्किर्सन, जो रूट, जेसन रॉय, फिलिप साल्ट, बेन स्टोक्स, रीसी टोपली, डेविड विली।

## विराट कोहली का बल्ले के साथ संघर्ष जारी, 11 रन बनाकर हुए बोल्ड

**बर्मिंघम ।** बर्मिंघम के मैदान पर इंगलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पांचवें टेस्ट में टीम इंडिया के बल्लेबाज विराट कोहली फिर से कोई कमाल नहीं कर पाए। अच्छे टच में दिखे जब विराट से टीम इंडिया को बड़ी पारी की उम्मीद थी तब वह महज 11 रन बनाकर आऊट हो गए। उन्हें इंगलैंड के नवोदित गेंदबाज मैटी पॉट्स ने बोल्ड किया। इसी के साथ क्रिकेट फैंस के माथे पर चिंता की लकीरें भी खिंच गई क्योंकि वह प्रैक्टिस मैचों में कोहली द्वारा लगाए गए अर्धशतकों के कारण राहत महसूस कर रहे थे।



टेस्ट क्रिकेट की बात की जाए तो इस फॉर्मेट में विराट का आखिरी शतक नवंबर 2019 में आया था जब उन्होंने बांगलादेश के खिलाफ ईडन गार्डन के मैदान पर 136 रन बनाए थे। लेकिन उसके बाद से वह शतक बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए हैं। हालांकि इस अवधि के दौरान उन्होंने छह अर्धशतक जरूर लगाए लेकिन कोरोना काल से प्रभावित मैचों के कारण सिर्फ 800 रन ही बना पाए। विराट कोहली मैटी की गेंद पर बोल्ड हुए यह टेस्ट करियर में उनका 13वां बोल्ड विकेट था। वह 76 बार कैच, 35 बार विकेटकीपर के पास, 35 बार पगबाधा, 2 बार रन आऊट और 1 बार हिट विकेट हुए हैं। अच्छी बात यह है कि विराट अभी तक टेस्ट में स्टंप आऊट नहीं हुए हैं।

## बॉल नहीं विकेट बेल लगने से जमीं पर गिरे डेविड वॉर्नर, लाबुछेन ने लिखा- अब कैसे हो

**गाले।** ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गाले के मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ खेला गया पहला टेस्ट भले ही 10 विकेट से जीत लिया लेकिन मैच के दौरान एक घटनाक्रम के चलते डेविड वॉर्नर चर्चा में आ गए। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम जब गेंदबाजी कर रही थी तो फील्डिंग कर रहे वॉर्नर के गुप्तअंग पर विकेट्स के ऊपर रखी बेल जा लगी। सब कुछ इतनी जल्दी में हुआ कि वार्नर के बाकी साथी समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है। वार्नर ने जब जमीं से ऊठकर अपनी हालत बयान की तो सभी हंसी के बिना नहीं रह पाए।

यह घटनाक्रम तब हुआ जब पहली पारी में पिछडने के बाद श्रीलंकाई टीम दूसरी पारी में भी 8 विकेट गंवा चुकी थी। जेफरी वेंडरसे बल्लेबाजी कर रहे थे। तभी ट्रेविस हेड की एक गेंद जेफरी के स्टंप्स से जा टकराई। तब वॉर्नर



फाइन स्विप लैग पर फील्डिंग कर रहे थे। गेंद स्टंप्स से लगने के बाद बेल तेजी से वॉर्नर की ओर आई। वार्नर तब गेंद को पकडने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन इसी दौरान बेल उनके गुप्त अंग पर लग गई।

और तो और वार्नर के साथी मार्नेस लाबुछेन भी घटनाक्रम पर मजे लेते देखे गए। उन्होंने घटनाक्रम की एक वीडियो पर लिखा- आप कैसा महसूस कर रहे हो डेविड वॉर्नर। देमैच की बात करें तो श्रीलंका ने पहली पारी में डिकवेला के 58 रनों की बदौलत 212 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने उसमान ख्वाजा के 71 और कैमरून ग्रीन के 77 रनों की बदौलत 321 रन बना लिए। श्रीलंकाई टीम से दूसरी पारी में

> दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम जब गेंदबाजी कर रही थी तो फील्डिंग कर रहे वॉर्नर के गुप्तअंग पर विकेट्स के ऊपर रखी बेल जा लगी।

बेहतरीन बल्लेबाजी की उम्मीद थी लेकिन पूरी टीम 113 रन पर ऑलआऊट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 5 रनों की जरूरत थी लेकिन वार्नर ने 4 गेंदों में 10 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

## प्रैक्टिस मैच में चला दीपक हुड्डा का जादू, अर्धशतक लगा टीम को दिलाई बड़ी जीत

**डर्बी (इंग्लैंड) ।** बर्मिंघम के मैदान पर एक तरफ जहां रिषभ पंत इंगलैंड के गेंदबाजों की पिटाई करने लगी थे तो दूसरी तरफ देर रात शुरू हुए भारतीय टीम के प्रैक्टिस मैच में दीपक हुड्डा काऊंटी गेंदबाजों पर टूट पड़े। टी-20 टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ईसीबी ने भारतीय टीम के लिए प्रैक्टिस मैचों का आयोजन किया है। इसी दौरान भारतीय टीम ने डर्बीशर काऊंटी टीम के खिलाफ खेले गए मुकाबले को 7 विकेट से आसानी से जीत लिया।

टीम इंडिया की कप्तानी दिनेश कार्तक कर रहे थे। डर्बीशर ने पहले बल्लेबाजी की लेकिन भारतीय तेज गेंदबाजों ने उन्हें बड़े स्कोर तक जाने से रोक दिया। मैच में अर्शदीप सिंह को भी मौका दिया गया था जिन्होंने 6 की इकोनमी से रन देकर दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। इसके अलावा तेज गेंदबाज उमरान मलिक भी दो विकेट निकालने में सफल रहे। इस तरह डर्बीशर ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 150 रन बनाए। वेन मेडसन ने सर्वाधिक 28 रन बनाए।

जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। ऋतुराज गायकवाड़ एक बार फिर से फ्लॉप होते नजर आए। उन्होंने मात्र चार रन बनाए। लेकिन इस दौरान दीपक हुड्डा ने सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर स्कोर को आगे बढ़ाया। हुड्डा ने 37 गेंद में 59 तो सूर्यकुमार यादव 36 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 151 रन का लक्ष्य 20 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। हुड्डा ने अपनी पारी में 5 चौके और 2 छक्के लगाए जबकि चोट के बाद वापसी कर रहे यादव ने 4 चौके और 1 छक्का जड़ा। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने 30 गेंद में 38 रन बनाए जबकि कप्तान दिनेश कार्तिक सात रन बनाकर नाबाद रहे।

## आखिरी बार विंबलडन खेल रही सानिया का कमाल, शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई

**लंदन।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और उनके क्रोएशिया के जोड़ीदार मेट पैविक ने विंबलडन ओपन में पहले दौर की बाधा पार कर ली है। इन दोनों ने डेविड वेगा और नतेला की जोड़ी को 6-4, 3-6, 7-6 के अंतर से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई है। यह सानिया का आखिरी विंबलडन ओपन है और उन्होंने मिश्रित युगल में इसकी शानदार शुरुआत की है। सानिया पहले ही एलान कर चुकी हैं कि इस सीजन के बाद वो टेनिस से संन्यास ले लेंगी।

महिला युगल के अपने पहले मुकाबले में सानिया मिर्जा और उनकी चेक गणराज्य की जोड़ीदार लूसी ह्वादेका को हार का सामना करना पड़ा था। पहले दौर में हार के साथ ही महिला युगल में सानिया की उम्मीदें खत्म हो गई



थी, लेकिन मिश्रित युगल में उनकी उम्मीदें कायम हैं। महिला युगल में सानिया और लूसी की जोड़ी को पोलैंड की मैगडलीना और ब्राजील की बीत्रोज हदाद माइया ने 4-6, 6-4, 6-2 के अंतर से मात दी थी। 35 साल की सानिया ने अपने करियर का एकमात्र विंबलडन खिताब मार्टिना हिंगिस के साथ जीता था। 2015 में यह कारनामा करने के बाद सानिया कोई बड़ा खिताब नहीं जीत पाई हैं। विंबलडन के

> महिला युगल के अपने पहले मुकाबले में सानिया मिर्जा और उनकी चेक गणराज्य की जोड़ीदार लूसी ह्वादेका को हार का सामना करना पड़ा था।

आधिकारिक पेज पर सानिया का एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि वो विंबलडन को याद करेंगी, लेकिन यह आगे बढ़ने का समय है। उन्होंने कहा 'जीवन में कई चीजें हैं जो समय के साथ टेनिस खेलने से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती हैं और मैं अब उस स्थिति में पहुंच गई हूं।'

## दीप्ति शर्मा ने की कप्तान हरमनप्रीत की तारीफ- वह शांतचित्त रहती है

**पल्लीकल।** भारतीय महिला टीम की आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा का मानना है कि हर समय शांतचित्त रहने की कप्तान हरमनप्रीत कौर की क्षमता उन्हें मैदान पर फैसले लेने में मदद करती है। पूर्णकालिक कप्तान के तौर पर हरमनप्रीत का यह पहला वनडे मैच था। दीप्ति के हरफनमौला प्रदर्शन से भारत ने श्रीलंका को चार विकेट से हराया। हरमनप्रीत की कप्तानी के बारे में पूछने पर दीप्ति ने कहा कि वह हमेशा शांतचित्त रहती है चाहे टी20 हो या वनडे। वह टीम की अगुवाई बखूबी कर रही है। शांत रहने से बेहतर फैसले लेने में मदद मिलती है और हम एक टीम के



रूप में उसकी कप्तानी का आनंद ले रहे हैं। लंबे समय से कप्तान रही मिताली राज के संन्यास के बाद हरमनप्रीत को वनडे कप्तानी भी सौंपी गई।

अपने प्रदर्शन के बारे में दीप्ति ने कहा कि हमें विकेट का अनुमान था और हमने साझेदारियों पर काफी मेहनत की। हमारी योजना प्रति ओवर 3-4 रन बनाने की थी और हमें पता था कि इसी तरह से साझेदारी बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी पर काफी मेहनत की है और नए शॉट्स शामिल किए हैं। मेरी भूमिका फिनिशर की है जो बदली नहीं है। जितना ज्यादा मैं फिनिशर का काम कर सकूंगी, टीम के लिये उतना अच्छा होगा।

## विंबलडन ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे राफेल नडाल, बेरांकिस को हराकर रिकॉर्ड 307वीं जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल का शानदार सफर जारी है। रिकॉर्ड 22 ग्रैंड स्लैम जीत चुके नडाल 23वां ग्रैंड स्लैम जीतने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। विंबल्डन ओपन में उन्होंने दूसरे दौर की बाधा पार कर ली है और तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। राफेल नडाल ने दूसरे दौर में रिकार्डिस बेरांकिस को 6-4, 6-4, 4-6, 6-3 के अंतर से हरा दिया। यह उनकी रिकॉर्ड 307वीं जीत थी। अब उनका अगला मुकाबला लोरेंजो सोनेगो से होगा।

इस मैच की शुरुआत में नडाल लय में नहीं दिख रहे थे। हालांकि, उन्होंने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए शुरुआती दोनों सेट 6-4 के अंतर से अपने नाम किए। शुरुआती बढ़त के बाद नडाल की जीत लगभग तय हो गई थी, लेकिन तीसरे सेट में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बेरांकिस ने शानदार वापसी करते हुए तीसरा सेट 4-6 के अंतर से अपने नाम किया। इसके बाद ऐसा लगा कि वो नडाल को कड़ी टक्कर देने वाले हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नडाल ने अगला सेट और आसानी से जीता और मैच भी अपने नाम कर लिया।



> *विंबल्डन ओपन में उन्होंने दूसरे दौर की बाधा पार कर ली है और तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। राफेल नडाल ने दूसरे दौर में रिकार्डिस बेरांकिस को 6-4, 6-4, 4-6, 6-3 के अंतर से हरा दिया।*

**बारिश की वजह से रुका मैच**

तीसरा सेट हारने के बाद नडाल ने अपना पूरा जोर लगाया और चौथे सेट में एक समय 3-0 की बढ़त ले ली थी। इसके बाद बारिश की वजह से मैच रोकना पड़ा। बाद में जब मैच शुरू हुआ तो बेरांकिस ने भी तीन प्वाइंट हासिल किए, लेकिन नडाल ने 6-3 के अंतर से सेट जीतने के साथ ही मैच भी जीत लिया। अगर बेरांकिस चौथा सेट भी जीतते तो पांचवां सेट निर्णायक होता।

**बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं नडाल**

मैच के बाद नडाल ने कहा कि उन्होंने अच्छी शुरुआत नहीं की थी, लेकिन अच्छे से मैच खत्म किया। उन्होंने चौथे सेट में उन्होंने अपने स्तर की टेनिस खेली। आगे उन्हें और सुधार की उम्मीद है। नडाल ने लगातार दूसरे मैच में शुरुआती दो मैच जीतने के बाद विपक्षी खिलाड़ी को वापसी का मौका दिया था और तीसरा सेट हार गए थे।

